दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | रायपुर, रविवार 12 अप्रैल 2020, वैशाख कृष्ण पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-61 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

राष्ट्र में कोरोना वायरस का सबसे ज्यादा कहर महाराष्ट्र में टूटा है। वहां कर्फ्यू लगा है। ऐसी विकट स्थिति में जब वहां लोगों का घर से बाहर निकलना दुश्वार है, एक घोटालेबाज वाधवान अपने परिवार और विदेशी मेहमानों के साथ महाबलेश्वर में पिकनिक मनाने कर्फ्यू पास हासिल कर लॉकडाउन की धज्जियां उड़ाता है तो इसमें हैरत की कोई बात नहीं है। सारे नियम, कायदे और प्रतिबंध आम आदमी के लिए होते हैं। खास आदमियों को सौ खून माफ होते हैं। वो चाहे ये करे, वो चाहे वो करे उनकी मर्जी। सही कहा गया कि-समरथ को नहीं दोष गोसाई।

कोरोना लॉकडाउन को लेकर मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में पीएम मोदी बोले

जान भी, जहान भी...

नई दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस 'कोविड-19' से देश को उबारने में धैर्य के साथ बहुस्तरीय नेतृत्व प्रदान कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की प्राचीन अवधारणा वसुधैव कुटुम्बकम को पुनः प्रतिपादित करते हुए शनिवार को 'जान है तो जहान है' के स्थान पर नयी कहावत पेश की कि 'जान भी, जहान भी' है।

श्री मोदी ने शनिवार को राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ पूर्णबंदी को लेकर वीडियो कांफ्रेंस के जरिए चार घंटे तक विचार-विमर्श किया। इस बैठक में पूर्णबंदी को 14 अप्रैल के बाद भी बढ़ाने का निर्णय लगभग किया जा चुका है और उम्मीद है कि अगले एक-दो दिनों में श्री मोदी इसका एलान करेंगे। बैठक के बाद कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इसका संकेत भी दे दिया।

प्रधानमंत्री ने 18 दिन पहले 22 मार्च को जब 21 दिन की पूर्णबंदी का एलान किया था, तब उन्होंने कहा था, 'जान है तो जहान है' लेकिन कोरोना वायरस के खौफ के साये में जी रही पूरी दुनिया की चिंता से अपने जोड़ते हुए श्री मोदी ने आज कहा 'जान भी, जहान भी' है। श्री मोदी ने कोरोना वायरस की लड़ाई में पूरे विश्व को एकजुट करने के प्रयास के तहत पहले दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) के राष्ट्र प्रमुखों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये विचार-विमर्श किया और फिर जी-20 देशों के प्रमुखों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ज्यादातर राज्यों ने दिया लॉकडाउन-2 को समर्थन

कोरोना के देश भर में निरंतर बढते प्रकोप को देखते हुए ज्यादातर राज्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूर्णबंदी की अवधि दो सप्ताह और बढाने का अनुरोध किया है जिस पर केन्द्र सरकार विचार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना महामारी से उत्पन्न स्थिति और इससे निपटने के लिए आगे की रणनीति पर विचार विमर्श के लिए आज यहां सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक की थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैठक में पश्चिम बंगाल, दिल्ली और महाराष्ट्र सहित ज्यादातर राज्यों ने प्रधानमंत्री से देशभर में जारी पूर्णबंदी की 21 दिन की अवधि को दो सप्ताह तक और बढाने का अनुरोध किया है। अभी लागू पूर्णबंदी 14 अप्रैल को समाप्त होनी है। केन्द्र राज्यों के इस अनुरोध पर विचार कर रही है।

कोरोना पर काबू पाने तीन-चार सप्ताह अत्यंत महत्वपूर्ण : मोदी

कोराना वायरस महामारी के खिलाफसंघर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 अप्रैल तक के देशव्यापी पूर्णबंदी को बढ़ाये जाने के संकेत देते हुए शनिवार को कहा कि कोरोना का संक्रमण का खतरा कम नहीं हुआ है और सरकार के कदमों के प्रभाव के आकलन के लिए आगामी तीन से चार सप्ताह का समय बहुत महत्वपूर्ण है। श्री मोदी ने कोरोना महामारी से उत्पन्न स्थिति और इससे निपटने के लिए आगे की रणनीति पर विचार विमर्श के लिए यहां सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक की थी। इससे पहले 20 मार्च और दो अप्रैल को भी प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों के साथ इसी विषय पर वीडियो कांफ्रेंस के जरिये संवाद किया था।

कोरोना से 205 देशों में एक लाख से अधिक लोगों की मौत, 16.86 लाख संक्रमित

विश्व में अब तक 3.75 लाख लोग हो चुके स्वस्थ

इटली : **47577** संक्रमित, **18849** मौत
चीन : **81907** संक्रमित, **3336** मौत
अमेरिका : **5 लाख** संक्रमित, **18 हजार** मौत
स्पेन : **157053** संक्रमित, **15970** मौत
फ्रांस : **118790** संक्रमित, **13197** मौत
जर्मनी : **119401** संक्रमित, **2607** मौत
ब्रिटेन : **73758** संक्रमित, **8958** मौत
ईरान : **68192** संक्रमित, **4232** मौत

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पीएम मोदी से मुखातिब हुए मुख्यमंत्री बघेल, दिए कई सुझाव

सीएम ने छग में कुछ आर्थिक गतिविधियों के लिए मांगी छूट

छूट दी जाए या नहीं, इसका अधिकार राज्यों का हो

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने से आग्रह किया है कि लॉकडाउन की स्थिति में राज्यों के अंदर कुछ आवश्यक आर्थिक गतिविधियां चलाने की अनुमति मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों में कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या और उनकी स्थिति को देखते हुए यह निर्णय लिया जाना उचित होगा कि कुछ आवश्यक आर्थिक गतिविधियों में छूट दी जाए अथवा नहीं। यह निर्णय लिए जाने का अधिकार राज्यों को दिया जाना उचित होगा।

सीएम बघेल ने शनिवार को प्रधानमंत्री द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति की समीक्षा के लिए सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों की ली गयी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उपरोक्त सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए निश्चित रूप से आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा, जिसके लिए अभी से राज्य के हालातों के अनुरूप कार्य योजना बनानी पड़ेगी, ताकि भयंकर आर्थिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यमंत्री ने केंद्र के समक्ष रखीं ये मांगें और सुझाव

- *मुख्यमंत्री ने संकट के समय एमएसएमई सेक्टर को बचाने के लिए केन्द्र सरकार से आर्थिक पैकेज की मांग की।*
- *राज्य में एमएसएमई सेक्टर द्वारा लगातार आर्थिक पैकेज की मांग की जा रही है।*
- *लॉकडाउन की लंबी अवधि के कारण लोगों को सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध कराने वाले इस महत्वपूर्ण सेक्टर का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है।*
- *कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए अधिक से अधिक सैम्पल लिए जाने और वर्तमान में कोरोना संकट को देखते हुए अंतर्राज्यीय सड़क, वायु, रेल सुविधाओं पर प्रतिबंध जारी रखने का सुझाव दिया।*
- *मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा परीक्षण किट की खरीदी के लिए तय की गई गाइडलाइन में स्पष्ट दिशा निर्देश दिया जाना जरूरी है।*
- *पीपीई किट की संख्या में वृद्धि और परीक्षण की सुविधा भी बढ़ाया जाना चाहिए।*
- *केन्द्रीय विश्वविद्यालय की परीक्षाएं स्थगित रखी जाए या इन्हें ऑन लाइन लिया जाए।*

राज्य में किसी की मौत नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अब तक किसी भी व्यक्ति की कोरोना वायरस संक्रमण से मृत्यु नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि राज्य के 28 जिलों में केवल 5 जिलों से ही कोरोना संक्रमण के मरीज पाए गए हैं शेष 23 जिलों में संक्रमित व्यक्ति नहीं मिले हैं।

फंसे लोगों को लेकर दिशा-निर्देश की अपेक्षा

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राज्य की सीमा में हजारों लोग फंसे हैं। उन्हें अभी राज्य की सीमा के बाहर ही क्वारंटाइन करके रखा गया है। लेकिन इन लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इनमें कई यात्री और परिवार के लोग भी हैं जो अपने घरों में जाना चाहते हैं। इस संबंध में दिशा-निर्देश की अपेक्षा है।

खास खबर

केंद्र से एक स्वर में हो गरीबों के बैंक खाते में पैसे जमा करने की मांग: चिदंबरम

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व वित्तमंत्री पी चिदंबरम ने कहा है कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को एक स्वर में गरीबों के बैंक खातों में नकद पैसा भेजने की केंद्र सरकार से मांग करनी चाहिए। श्री चिदंबरम ने शनिवार को यहां कहा कि गरीबों के समक्ष लॉकडाउन के कारण रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। गरीब इससे दाने दाने का मोहताज हो गया है और लोग निशुल्क भोजन पाने के लिए कतारों में खड़े होने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि इन गरीबों की सबको चिंता करनी चाहिए और उनके खाते में पैसे जमा कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एक स्वर में मांग करनी चाहिए। श्री चिदंबरम ने श्री मोदी के साथ आज होने वाली मुख्यमंत्रियों की बैठक से पहले यह आग्रह किया। उनका कहना था कि इस मद पर 65000 करोड़ रुपये खर्च होंगे और इससे सरकारी खजाने पर बहुत असर नहीं होगा।

ईपीएफओ ने कर्मचारियों कंपनियों के तीन महीने के अंशदान व्यवस्था की

नयी दिल्ली ए.। ईपीएफओ ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत कर्मचारी भविष्य निधि खातों में नियोक्ता और कर्मचारी के अंशदान को सरकार के खाते से जमा कराए जाने की व्यवस्था कर ली है। केंद्र ने कोरोना वायरस के चलते कोराबारी इकाइयों की मुश्किलों और रोजगार बचाने चुनौती को देखते हुए यह योजना घोषित की है। इस योजना के तहत तीन माह तक ईपीएफ खातों में नियोक्ता और कर्मचारी दोनों के हिस्से का अंशदान सरकार अपने पास से जमा करेगी। श्रम मंत्रालय का अनुमान है कि इससे करीब 79 लाख कर्मचारियों और 3.8 लाख नियोक्ताओं को लाभ होगा।

केंद्रीय मंत्री-अफसरों को मंत्रालयों से काम करने निर्देश

■ लॉकडाउन बढ़ने की चर्चाओं के बीच सूत्रों के हवाले से खबर

नई दिल्ली ए. । कोरोना के देश में बढ़ते मामलों के बीच हो सकता है कि अब केंद्रीय मंत्री व कुछ अफसर सोमवार से मंत्रालयों में जाकर काम करे।

आधिकारिक सूत्रों के हवाले से आई मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सभी केंद्रीय मंत्री मंत्रियों को सोमवार से मंत्रालयों में कामकाज बहाल करने को कहा गया है। अधिकारी भी अब मंत्रालय जाकर काम करेंगे। मंत्रियों को लॉकडाउन के बाद के प्लान को तैयार करने को कहा गया है ताकि इकोनॉमी को जल्द पटरी पर लाया जा सके।

अब फोकस कोरोना हॉट स्पॉट्स और इकॉनमी पर

सूत्रों ने बताया कि सरकार का फोकस हॉट स्पॉट्स पर है ताकि कोरोना वायरस महामारी को फैलने से रोका जाए। इसके अलावा सरकार कोशिशें कर रही है कि जब लॉकडाउन हटे तो इकॉनमी पटरी पर आ जाए।

ये अफसर करेंगे मंत्रालयों से काम

रिपोर्ट के मुताबिक, जॉइंट सेक्रेटरी और उससे ऊपर रैंक के अधिकारी सोमवार से मंत्रालयों में फिर से काम करना शुरू करेंगे। मसलन अभी सभी स्टाफ मंत्रालय से काम शुरू नहीं करेंगे। सूत्रों के मुताबिक करीब एक तिहाई जरूरी स्टाफको मंत्रालय में उपस्थिति दर्ज कराने को कहा गया है। सभी मंत्रालयों को कहा गया है कि जॉइंट सेक्रेटरी और उससे ऊपर रैंक के अधिकारी सोमवार से संबंधित विभागों में काम शुरू करेंगे।

मोदी का लॉकडाउन आगे बढ़ाने का फैसला उचित : केजरीवाल

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कोरोना वायरस की वजह से देश भर में लगाये गये लॉकडाउन की अवधि को और आगे बढाये जाने का संकेत दिया। पीएम मोदी के साथ शनिवार को सभी मुख्यमंत्रियों की करीब चार घंटे तक चली मैराथन बैठक के बाद केजरीवाल ने ट्वीट किया, पीएम ने आज लॉकडाउन बढ़ाने का ठीक फैसला किया है। भारत की कई अन्य विकासशील देशों की तुलना में कोरोना को लेकर बेहतर स्थिति में है क्योंकि हमने लॉकडाउन पहले ही लगा दिया था। यदि इसे अभी हटा दिया गया तो इसके जो फायदे मिले हैं वो सब बेकार हो जायेंगे। लॉकडाउन के फायदों को और मजबूती मिले इसके लिए महत्वपूर्ण है कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोरोना जांच फीस आदेश में संशोधन के लिए सुको में अर्जी

नयी दिल्ली (वार्ता)। मान्यता प्राप्त निजी अस्पतालों और प्रयोगशालाओं में भी कोरोना वायरस 'कोविड-19' की मुफ्त जांच कराये जाने संबंधी उच्चतम न्यायालय के पिछले आदेश में संशोधन को लेकर शनिवार को एक अर्जी दायर की गयी। पेशे से चिकित्सक डॉ. कौशल कांत मिश्रा ने अपनी अर्जी में शीर्ष अदालत के गत आठ अप्रैल के अपने अंतरिम आदेश में संशोधन करने का आग्रह किया है, जिसके तहत उसने निजी प्रयोगशालाओं/अस्पतालों में भी कोरोना संक्रमण की जांच मुफ्त करने के लिए केंद्र सरकार को तत्काल दिशानिर्देश जारी करे। अर्जी में मांग की गयी है कि निजी प्रयोगशाला/अस्पताल आर्थिक रूप से कमजोर समुदाय (ईडब्ल्यूएस) के जिन लोगों की जांच करते हैं उनकी फीस की प्रतिपूर्ति सरकार करे और बाकी लोगों के लिए भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की ओर से 17 मार्च को जारी अधिसूचना के तहत निर्धारित न्यूनतम जांच फीस लेने की इजाजत निजी अस्पतालों/ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छग में अब लैब को कोरोना टेस्ट की मंजूरी देने का जिम्मा एम्स को

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना से निपटने के लिए एम्स रायपुर को केंद्र सरकार की ओर से एक और बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। एम्स रायपुर को छत्तीसगढ़ और झारखंड के 12 मेडिकल कॉलेज के लैब को कोरोना टेस्टिंग की मंजूरी देने के लिए इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के द्वारा अधिकृत किया गया है। एम्स रायपुर की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, उसे दोनों राज्यों के 12 मेडिकल कॉलेज को टेस्टिंग के संसाधन उपलब्ध होने पर कोरोना जांच की मंजूरी देने का अधिकार प्रदान किया गया है। इसमें सरकारी और निजी दोनों मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय और केंद्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य कल्याण मंत्रालय के निर्देश पर आईसीएमआर ने एम्स रायपुर समेत देश के 13 प्रमुख चिकित्सा संस्थानों को कोविड-19 टेस्टिंग लैब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

- आईसीएमआर ने एम्स रायपुर को किया अधिकृत
- छग के साथ ही मिली झारखंड की भी जिम्मेदारी
- दोनों राज्यों के 12 मेडिकल कॉलेजों को मिल सकती है मंजूरी

प्रदेश के इन मेडिकल कॉलेज को मंजूरी की राह

छत्तीसगढ़ के जिन मेडिकल कालेजों की लैब को मंजूरी दी जा सकती है उनमें श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफमेडिकल साइंसेज भिलाई, छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफमेडिकल साइंसेज बिलासपुर, चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज दुर्ग, स्व. श्री लक्खी राम अग्रवाल मेमोरियल गर्वनमेंट मेडिकल कॉलेज रायगढ़, पं. जेएनएम मेडिकल कॉलेज रायपुर, रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफमेडिकल साइंसेज रायपुर, भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज राजनंदगांव और गर्वनमेंट मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर शामिल हैं।

आईसीएमआर की चेक लिस्ट अनुरूप होगा इंस्पेक्शन : डॉ. नागरकर

एम्स रायपुर के निदेश प्रो. (डॉ.) नितिन एम नागरकर ने नव प्रदेश को बताया कि नए अधिकार मिलने के बाद एम्स शीघ्र ही अन्य जिलों में टेस्टिंग सुविधाएं प्रारंभ करने का प्रयास करेगा, जिससे कोरोना वायरस की अधिक से अधिक टेस्टिंग की जा सके। इसके लिए हर संभव उपाय किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ सरकार से इस संबंध में बातचीत का दौर शुरू हो गया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सुखद | भारत ने समय रहते लॉकडाउन और कंटेनमेंट जैसे कदम नहीं उठाए होते तो स्थिति बहुत बुरी होती : स्वास्थ्य मंत्रालय

..तो देश में अभी कोरोना वायरस के 2 लाख केस होते

कोरोना से 239 की मौत, 642 इलाज के बाद ठीक

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 7,447 हो गए हैं। हालांकि, अगर समय रहते लॉकडाउन का फैसला नहीं लिया गया होता तो देश में अब तक स्थिति बहुत खराब हो सकती थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि कोरोना वायरस से निपटने के लिए लॉकडाउन और कन्टेनमेंट बहुत महत्वपूर्ण हैं। अगर हमने इस तरह के कदम नहीं उठाए होते तो आज देश में कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की संख्या 2 लाख तक पहुंच चुकी होती।

स्वास्थ्य मंत्रालय में जॉइंट सेक्रटरी लव अग्रवाल ने बताया कि अगर देश में लॉकडाउन लागू नहीं किया गया होता तो कोरोना वायरस संक्रमण के मामले 41 प्रतिशत बढ़ जाते। इस वजह से 15 तब अप्रैल तक देश में 8.2 लाख से ज्यादा केस हो जाते।

'भारत ने बहुत पहले ऐहतियाती कदम उठाए'

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में जॉइंट सेक्रटरी लव अग्रवाल ने बताया, 'भारत ने कोरोना वायरस से निपटने के लिए ऐहतियाती कदम उठाए। हमने एक ग्रेडेड अप्रोच अपनाया। 2 राज्यों में और केंद्रीय स्तर पर देश में सिर्फकोरोना वायरस से जुड़े मामलों के इलाज के लिए 587 अस्पताल हैं।' देशभर में 3 लाख आइसोलेशन बेड और 11,500 आईसीयू बिस्तर कोविड-19 के मरीजों के लिए आरक्षित किए गए हैं।

देश में 7,447 केस, 24 घंटे में 1,035 नए केस

अग्रवाल ने बताया कि देश में अब तक कोरोना वायरस संक्रमण के कुल 7,447 केस सामने आए हैं। अब तक 643 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 1035 नए केस सामने आए हैं और 40 लोगों की मौत हुई है। अब तक देश में इससे 239 लोगों की जान जा चुकी है।

तेज हुई टेस्टिंग की रफ्तार
शुक्रवार को 16,764 टेस्ट

भारत ने अब तेजी से कोरोना वायरस जांच की रफ्तार भी बढ़ाया है। गुरुवार को जहां 16,002 टेस्ट किए गए थे, वहीं शुक्रवार को 16,764 टेस्ट किए गए। इंडियन काउंसिल ऑफमेडिकल रिसर्च के मुताबिक देश में अब तक 1,71,718 सैंपलों की जांच की जा चुकी है। जांच के काम में 146 सरकारी और 67 प्राइवेट लैब मगे हुए हैं।

न्यूज गैलरी

शाउमू दुकान का निरीक्षण व सर्वेक्षण

दुर्ग। नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए जिले में हुए लॉकडाउन में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित शा.उ.मू. दुकानों में खाद्य सामग्री नियमित प्रदाय की जाकर राशन कार्डधारकों को वितरण किया जा रहा है तथा संबंधित वार्ड, ग्राम में अन्य किराना, प्रोव्हीजन स्टोरो में खाद्य सामग्री की आपूर्ति यदि प्रभावित हुई हो तो खाद्य विभाग द्वारा एक ऐप के माध्यम से पीडीएस की दुकानों तथा निजी किराना दुकानों का खुलना, खाद्य सामग्री की प्राप्ति तथा उनके द्वारा किए गए विक्रय का निरीक्षण, सर्वेक्षण कोरोना वायरस के संक्रमण के संबंध में शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप किया जाना है। यह निरीक्षण, सर्वेक्षण ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत सचिव, पटवारी के माध्यम से तथा शहरी क्षेत्र में खाद्य निरीक्षकों के माध्यम से कराया जाना है।

तगड़े इंतजाम के बीच लगा बैकुंठधाम में होलसेल मार्केट

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। आज सुबह से निगम एवं पुलिस प्रशासन की टीम बैकुंठ धाम में लगने वाले होलसेल बाजार की निगरानी रखने पहुंची थी। निगम उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं जोन आयुक्त जोन क्रं. 3 महेंद्र पाठक भी अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहकर बाजार को व्यवस्थित करने कर्मचारियों को निर्देशित करते रहे। निगम के सुरक्षा गार्ड भी बाजार में तैनात रहे तथा आने जाने वाले वाहनों को प्रवेश द्वार पर खड़े रहकर व्यवस्थित करने तथा अनावश्यक आवाजाही वाले लोगों को वापस करते नजर आए। पुलिस प्रशासन की टीम लाउडस्पीकर के माध्यम से भीड़ न बढ़ाने समझाइश देते रहे तथा पुलिस बल बाजार का घूम घूम कर निरीक्षण करते रहे। बैकुंठधाम में लगने वाले होलसेल मार्केट में आने जाने.वाले वाहनों के लिए पार्किंग की अलग से व्यवस्था की गई है तथा दुपहिया वाहनों को भी अलग से पार्किंग स्थल पर खड़ा करने निर्देशित किया। होलसेल के आलू-प्याज के विक्रय के लिए पृथक से स्थल निर्धारित किया गया है तथा होलसेल के सब्जी विक्रेताओं के लिए अलग स्थल निर्धारित है दोनों ही स्थल बैकुंठधाम में हैं। जिन विक्रेताओं को मंडी समिति द्वारा टोकन पास जारी किया गया है उन्ही विक्रेताओं को इस स्थल पर बैठने की इजाजत दी गई है। कुछ अन्य आलू प्याज विक्रेताओं ने यहां पर अपनी दुकानें लगा रखी थी जिनका निरीक्षण करने पर टोकन पास जारी नहीं किया जाना पाया गया जिस पर तीनों से प्रति विक्रेता 5000 रुपए आर्थिक दंड वसूल कर उनके दुकान को नहीं लगने दिया गया। बैकुंठधाम होलसेल बाजार में आज निगम एवं पुलिस प्रशासन की चाक.चौबंद व्यवस्था रही। इसके अतिरिक्त आकाशगंगा के फुटकर सब्जी विक्रेता राधिकानगर स्लॉटर हाउस के पास तथा सर्कस मैदान के पास व्यवसाय कर रहे है।

शुद्ध पेयजल प्रदाय करने 22 पानी टैंकरो को किया रबर पेंट

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। पीलिया से बचाव एवं शुद्ध पेयजल निगम क्षेत्रों में पहुंचाने के लिए निगम के पानी टैंकरों के भीतरी भाग को रबर पेंट के माध्यम से पेंट किया जा रहा है। अब तक 22 पानी टैंकरो की पेंटिंग की जा चुकी है। पीलिया से बचाव हेतु घर.घर क्लोरीन टेबलेट का वितरण निगम द्वारा किया जा रहा है तथा पानी को उबालकर पीने की सलाह दी जा रही है। निगम क्षेत्रों में सुचारू रूप से जल प्रदाय करने के निर्देश आयुक्त ऋतुकांत रघुवंशी द्वारा दिए गए हैं। ग्रीष्मऋतु को देखते हुए शुद्ध पेयजल के लिए आवश्यक सामग्रियों के भंडारण की व्यवस्था की जा रही है। आयुक्त ने निगम क्षेत्र में पीलिया को फैलने से रोकने के लिए जलकार्य विभाग के अधिकारियों को पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराने, डिसइन्फेक्शन के लिए निर्धारित मात्रा में क्लोरीन आदि केमिकल का उपयोग करने, जलशोधन संयंत्र का संचालन सुचारु रुप से करने, नियमित रूप से वाटर सैंपल क्वालिटी टेस्टिंग करने, निगम की सभी पानी टंकियों की सफाई कराने तथा अगली सफाई की तिथि पेंट से लिखने, वाल चेंबर आदि स्थानों पर पानी का भराव न होने देने और यदि लीकेज हो तो मरम्मत कराने, निगम क्षेत्र के बोरवेल के पानी की जांच कराने एवं पानी उपयोग हेतु उचित व्यवस्था नहीं होने पर बोर से असेंबली निकालकर बोर को वेल्डिंकेप से बंद करने, टैंकर से जल प्रदाय की स्थिति में टैंकर की अंदर से सफाई उपरांत रबर पेंट कराने, जल प्रदाय वाले टैंकर को डिसइन्फेक्शन कर, निर्धारित मात्रा में क्लोरीन का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस लाइन व बटालियन को किया सेनेटाईज

दुर्ग। महापौर धीरज बाकलीवाल और आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के मार्गदर्शन में आज निगम का अमला कलेक्टर बंगला, एसपी बांगला, सिविल लाइन क्षेत्र के समस्त वीआईपी क्वाटर्स के साथ 11 वीं बटालियन क्वार्टर क्षेत्र और न्यू पुलिस लाइन पाटन क्षेत्र में दवाई का छिड़काव कर सेनीटाइज किया गया। निगम द्वारा शहर के सभी सार्वजनिक स्थलों पर आवाजाही जगहों में प्रत्येक वादों के मुख्य मार्गो में क्वार्टर कॉलोनी क्षेत्रों में दवाई का छिड़काव कर सैनिटाइज किया जा रहा है। शहर में कानून व्यवस्था बनाने वाले और आम जनता का सहयोग करने वाले पुलिसकर्मियों के पाटन क्षेत्र न्यू पुलिस लाइन के चारों तरफ दवाई का छिड़काव किया गया इसके साथ ही 11 वीं बटालियन के ऑफिस क्वार्टर क्षेत्र एवं वार्ड 60 कातुलबोर्ड डाकघर के पास साईं मंदिर एरिया सहित अन्य क्षेत्रों में दवाई का छिड़काव का सभी क्षेत्रों को सैनिटाइज की गई।

कलेक्टर आनंद ने ली बैठक

कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में पृथक फीवर सेंटर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में फीवर सेंटर होंगे। यहां सर्दी, खांसी, बुखार के मरीजों की पृथक जांच होगी। इससे गंभीर लक्षण होने पर सैंपल जिला अस्पताल भेजे जाएंगे। यह पृथक हो जाने से ओपीडी में संक्रमण की आशंका और घट जाएगी। कलेक्टर श्री अंकित आनंद की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में अब तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिन्हांकित किए जा रहे बाहर से आए लोगों के आइसोलेशन एवं क्वारन्टीन से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिन लोग बाहर से आए हैं उनकी ट्रेवल हिस्ट्री के साथ ही यह भी जानकारी एकत्रित करनी होगी कि वह किन लोगों के साथ मिले। इसके साथ ही जहां से भी बाहर से आए लोगों की सूचनाएं मिले, इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग त्वरित कार्रवाई करें, उन्हें आइसोलेट करें तथा जांच संबंधी आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले सर्दी बुखार के मामले एवं इसी तरह के अन्य मामले में कोरोना की आशंका होने पर सैंपल जांच के लिए आगे भेजे जाएं। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि सर्वीलीइंस टीम द्वारा प्राप्त सूचनाओं के आधार पर त्वरित कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने जिले में जरूरतमंदों के लिए चल रहे राहत कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हर जरूरतमंद को चिन्हांकित कर सहायता पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि दूसरे जिलों एवं राज्यों के फंसे लोगों को लॉक डाउन के दौरान रहने खाने की किसी तरह की दिक्कत ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। आवश्यक सामग्रियों की अधिकाधिक होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए। साथ ही किराना दुकानों, मेडिकल शॉप आदि मेंसोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखें।

कलेक्टर ने बैठक में विभिन्न वर्गों के हितों के लिए लॉक डाउन के दौरान चलाई गई योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री कुंदन कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जनधन खाते की राशि कभी भी निकाल सकते हैं. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना की राशि जनधन खाते के महिला हितग्राहियों के खाते में आई है। वे इसका आहरण वे अपने जरूरत के मुताबिक कभी भी कर सकती हैं।

विधिक सेवा ऑनलाईन पर शिकायत

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कोरोना वायरस के सक्रमण पर लॉकडाउन के कारण लोगों को आ रही समस्या के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण सहायता पहूँचा सकता है। इसके लिए गोविंद कुमार मिश्रा जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा विशेष रूप से जागरूकता लाने पैरालीगल वॉलिटियर के माध्मय से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें विशेष रूप से सोशल डिस्टेंस के महत्व को बताया जा रहा है तथा कोरोना वायरस के सक्रमण से बचने लिए अपनाये जाने वाले उपायों के बारे में बताया जा रहा है। लॉकडाउन के कारण लोगों को खाने. पाने एवं रहने के संबंध में आ रही असुविधा को देखते हुए पैरालीगल वॉलिटियर के माध्यम से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से आपदा पीडितों को विधिक सहायताद्ध योजना 2015 के तहत् विधिक सहायता उपलब्ध कराई जावेगी तथा नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 पर शिकायत दर्ज कराये जाने पर पैरालीगल वॉलिटियर के माध्यम से संबंधित पीडित को विधिक सहायता पहूँचाये जाने क कार्यवाही की जावेगी। इसके लिए पैरालीगल वॉलिटियर को ऑन लाईन प्रशिक्षण छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं युनिसेफ के द्वारा दिया गया है।

अनाज वितरण

भिलाई। राज्य के पूर्व मंत्री बदरुदीन कुरैशी ने कोरोना वायरस लाकडाउन होने के कारण वैशालीनगर विधानसभा के श्रमिक मजदूर काम पर नही जा रहे है, ऐसी स्थिति में वार्डो में दौराकर जरुरतमंद लोगो को अपने निजी व्यवस्था से वार्ड 24 में चांवल, आटा, तेल 25 लोगों को वितरण किया और श्रमिको से अपील किया है कि जिनके पास राशन कार्ड एपीएल नही है। वे निगम में जाकर एपीएल कार्ड के लिए फार्म ले सकते है।

शहर के कर्मवीर कोरोना से लड़ रहे है जंग

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कोरोना वायरस के संक्रमण पर अंकुष रखने के उद्धेश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा सैंपल लेने, डोर टू डोर सर्वे करने आदि को लेकर गंभीरता बरत रहा है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन संभावित मराजों की जांच की जा रही है। वहीं सैंपल लेकर जांच को टीम द्वारा भेजा जा रहा है। कोरोना से संबंधित षिकायत दर्ज करने के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। विधायक वोरा ने कोरोना संक्रमण की जिले में वर्तमान स्थिति का जायजा लेने सीएमएचओं गंभीर सिंह ठाकुर के साथ जिला चिकित्सालय का दौरा कर व्यवस्थाएं देखी। कंट्रोल रूम में चर्चा के उपरांत जानकारी मिली की शहर में 1 मार्च के बाद 97 लोगों की विदेश दौरे से आमद हुई है। जिनमें सभी को टेऊस कर होम क्वारेनटाइन में रखा गया है व सभी की रिपोर्ट निगेंटिव पायी गयी है। जिला अस्पाताल के डॉक्टरों ने पीपीई किट व एन 95 मास्क की मांग पर विधायक अरूण वोरा ने शासन से मांग की मानक दृष्टि के अनुरूप अस्पताल कर्मियों के लिए कोरोना से संबंधित समस्त सुरक्षा उपकरण तत्काल उपलब्ध कराया जाय एवं कहा कि प्रषासन के साथ डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी कोरोना से जंग लड़ रहे है, शासन का दायित्व है कि इन कर्मवीर को सारी सुविधायें प्राप्त हो। कोरोना से संबंधित शिकायत कर सकता है।

वार्डों में सेनेटाइजेशन एवं फागिंग कार्य

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। विश्वव्यापी वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु निगम द्वारा युद्ध स्तर पर निगम के सभी वार्डो के पीडीएस भवनों, सार्वजनिक सुलभ शौचालयों, उपस्वास्थ्य केन्द्रो, चिन्हाकिंत हाट बाजारों, सार्वजनिक मंचो तथा चौक चौराहों एवं गली मोहल्लों मे सैनिटाइजेशन एवं फाकिंग कार्य का प्रथम राउन्ड निगम के स्वास्थ्य अमलों द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। स्वास्थ्य अमला द्वारा प्रतिदिन व्यापक रूप से सोडियम हाइपोक्लोराइट का हैंड स्प्रे पंप, टेक्टर एवं पानी टेंकर के माध्यम से सैनिटाइजेशन एवं फाकिंग कार्य पूर्ण किया गया। इसके साथ ही निगम के स्वास्थ्य अमला द्वारा मैलाथियान, किटनाशक दवाई, ब्लीचिंग पाउडर, मलेरिया आईल का व्यापक रूप से छिड़काव किया गया तथा रात्रि में प्रतिदिन किंग फाक कीटनाशक धुआ निगम के सभी वार्डों के गलियों में छोडा गया वर्तमान में 18 हैण्ड स्प्रे पंप के माध्यम से सभी वार्डों के तंग गलियों का सैनिटाइजेशन नियमित रूप से किया जा रहा है। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के पहल पर एवं निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे एवं जोन आयुक्त रमाकांत साहू के निर्देश पर संयत्र के फायर ब्रिगेड से कृष्णा टाकीज रोड एवं प्रगति नगर रोड को सैनिटाइजेशन किए।

लॉकडाउन में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कसारीडीह साई मंदिर के पास संचालित रॉयल वॉच सेंटर में हुए चोरी के मामले को पद्मनाभपुर पुलिस ने सुलझाने में सफ्लता हासिल की है। इस मामले में आरोपी रामजी कोसले केलाबाड़ी और मोहित पहाड़ी कसारीडीह निवासी को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से चोरी गए 14 नग दीवाल घड़ी, 120 नग हाथ घड़ी, 100 नग घड़ी पट्टा, 6 पत्ता घड़ी की बैटरी जप्त की गई है। जिसकी कुल कीमत 30 हजार रु बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक विवेकानंद नगर निवासी लक्ष्मीनारायण सोनी 60 वर्ष की कसारीडीह में साई मंदिर के पास रॉयल वॉच सेंटर के नाम से घड़ी की दुकान है। लॉकडाउन की वजह से यह दुकान 24 मार्च से बंद थी। दोनों आरोपियों ने टीनशेड को उखाड़कर दुकान में प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दी थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर नयायालय में पेश किया है।

यादव के द्वितीय पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री स्व. हेमचंद यादव के द्वितीय पुण्यतिथि पर शनिवार को कांग्रेस भाजपा के अलावा समाजसेवियों व अन्य लोगों ने उनके बैगापारा निवास पहुंचकर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित की। लॉकडाउन की वजह से लोगों ने इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ध्यान रखा। जिसकी वजह से निवास स्थान में भीड़भाड़ की स्थिति निर्मित नही हुए। शहर विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव एवं कांग्रेस के अन्य कार्यकर्त्ता ने बैगापारा पहुंचकर स्व. यादव को श्रद्धांजलि दी। श्री वोरा द्वारा इस दौरान स्व. श्री यादव के कार्यो को याद करते हुए कहा कि उनके कार्य सदैव अविस्मरणीय रहेंगे। इस दौरान स्व. यादव के पुत्र राजदीप, जीत यादव एवं परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे।

हेमचंद यादव स्मृति मंच ने यादों को किया सांझा

हेमचंद यादव स्मृति मंच ने जिला भाजपा कार्यालय में स्व. हेमचंद यादव को श्रद्धांजलि दी और उनके यादों व कार्यो को सांझा किया गया। इस दौरान भाजपा महामंत्री देवेन्द्र सिंह चंदेल, कांशीनाथ शर्मा, मनोज शर्मा, अरुण सिंह, शेखर चंद्राकर के अलावा अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

कोरोना से जंग.... कार्मिकों ने समाज के असहाय तबके के लोगों को भी सहायता करने का बीड़ा उठाया हैं

संकट की घड़ी में साथ है इस्पात संयंत्र के कर्मी

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। देश में नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण व नियंत्रण जागरूकता हेतु सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन जहाँ खदानों सहित संयंत्र के कार्मिकों, उनके परिजनों और आम जनता को जागरूक करते हुए संयंत्र के भीतर, कार्यालयों एवं टाउनशिप क्षेत्रों में समय-समय पर सघन सैनिटाइजेशन के कार्य के साथ-साथ मास्क, साबुन इत्यादी बाँट रहा हैं, वहीं इस कठिन समय में संयंत्र के कुछ कार्मिकों ने समाज के असहाय तबके के लोगों को भी सहायता करने का बीड़ा उठाया हैं। संयंत्र कार्मिकों ने इसे अपना कर्तव्य मान कर समाज सेवा में लग गये हैं। संयंत्र के कार्मिकों द्वारा सहायता करने की इस कड़ी में सामाजिक सेवा संगठन रवीन्द्र निकेतन हुडको, भिलाई भी एक हैं। रवीन्द्र निकेतन हुडको, काली बाडी से संबद्ध संस्था हैं एवं इसके संस्थापक सदस्य भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत रहे। अब उनके बच्चे भी इस संस्था के सदस्य हैं एवं भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्य करते हुए अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभा रहे हैं। रवीन्द्र निकेतन के सदस्यों प्लेट मिल से, शामल रॉय, कोक ओवेन व कोल केमिकल विभाग से तापस रंजन दम, एस एम एस -2 से प्रदीप कुमार चक्रवर्ती, प्लेट मिल से अमलेन्दु कुमार मित्रा, कोक ओवेन व कोल केमिकल विभाग से प्रदुय्त सरकार, एवं पॉवर एंड ब्लोविंग स्टेशन से सुब्रत सरकार ने पिछले दो सप्ताह से स्वैच्छिक दान दाताओं की मदद से मिले राशन सामग्री को भिलाई और दुर्ग के स्लम क्षेत्र में मजदूरों और बीपीएल वर्ग के लोगों में स्वयं जाकर जा कर बाँट रहे है। इसके अलावा बुनियादी खाद्य और स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं जैसे अनाज, फ्ल और सब्जियां का भी वितरण कर रहे है। अपनी स्वयं की और स्लम के लोगों की व्यक्तिगत सुरक्षा का अत्यधिक ध्यान रखते हुए संयंत्र के ये कार्मिकगण पके हुए भोजन का भी वितरण कर रहे है। अब तक संस्था ने चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल अस्पताल और दुर्ग रेलवे स्टेशन, भिलाई नगर स्टेशन, नेवई, मरोदा और सेक्टर -6 के पास के स्लम क्षेत्रों में इसका वितरण किया है। रवीन्द्र निकेतन उन सभी लोगों का शुक्रगुजार हैं जो इस धर्मार्थ कार्य के लिए आगे आए हैं, जिनके कारण यह संगठन हर दिन अनजान लोगों की सेवा कर रहा है और इस संकट की घडी में कोरोना से लड़ने अपना मौन युद्ध जारी रख पाया हैं।

इस्पात भवन के विभिन्न कार्यालयों में सैनिटाइजेशन

इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने अपने कार्मिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिये उनके कार्यस्थल इस्पात भवन के कार्यालयों में सघन सैनिटाइजेशन का कार्य किया है।

बेघर एवं बेसहारा लोगों को ठहराकर करा रहे है भोजन

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से बचाव हेतु देशव्यापी लार्कडाउन के चलते निशक्त बेघर एवं बेसहारा हुए लोगों के लिए निगम प्रशासन द्वारा गठित की गई टीम द्वारा अभी तक विभिन्न वार्डों से खोजे 8 लोगो को मौहारी भाठा पूर्व.मा.शाला में ठहराया हैं। जिसके लिए निगम द्वारा प्रतिदिन भोजन की व्यवस्था की जा रही है। निगम के राजस्व निरीक्षक अनिल मेश्राम एवं सहायक ग्रेड. 3 कादिर खान द्वारा प्रतिदिन सबेरें से शाम तक निगम के सभी वार्डो के चौक चौराहों एवं गलियों में घुम.घुम कर बेघर एंव बेसहारा व्यक्तियों की तलाश कर रही है। निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने दोनो कर्मचारियों को संबंधित वार्ड के पार्षद, एल्डरमेन, भूतपूर्व पार्षद एवं जागरूक नागरिकों का भी मदद लेने के निर्देश दिए है। निगम आयुक्त सर्वे एवं जोन आयुक्त रमाकांत साहू ने कहा कि निगम क्षेत्र के सभी नागरिको से अनुरोध है कि कही भी निशक्त, बेघर एवं बेसहारा लोग दिखाई दे तो कंट्रोल रूम में स्थापित हेल्प लाईन में सूचित कर सकतें है।

■ न्यूज गैलरी

युवक ने किया अधेड़ पर चाकू से हमला

रायपुर। शहर के गांधी नगर मैदान के पास शुक्रवार शाम को एक नशे में धूत युवक ने एक अधेड़ पर चाकू से मारकर घायल कर दिया। कोतवाली थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी रोशन दीप पिता रसानंद (19) निवासी बैरन बाजार कल शाम करीब 4.30 बजे गांधीनगर मैदान के पास नशे में धूत होकर गाली-गलौच कर रहा था, जिसे प्रार्थी स्टील साहू पिता मोतीलाल (45) निवासी बैरनबाजार ने जब उसे गाली-गलौच करने से मना किया तो आरोपी ने इस बात पर प्रार्थी के जांघ पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 324 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

किराना दुकान में चोरी करने घुसे तीन पकड़ाए

रायपुर। राजधानी के अभनपुर थाना क्षेत्र के राम जानकी मंदिर के पास आधी रात को एक किराना दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोरी करने घुसे तीन आरोपियों को गश्त कर रही पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिस किराना दुकान में आरोपी चोरी करने घुसे थे उसके मालिक का नाम लेखन कुमार साहू है। बताया जा रहा है कि आरोपी दुकान में चोरी कर भागते उससे पहले ही रात्रि में गश्त पर निकली पुलिस पार्टी ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियो में प्रकाश साहू पिता जेठूराम (28), राजा निर्मलकर पिता सुरेश (21) एवं अन्य एक युवक है। तीनों धोबीपारा अभनपुर के रहने वाले है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

आम जगह पर शराब पीता युवक पकड़ाया

रायपुर। शहर के देवेन्द्रनगर थाना पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम में सीमरन होटल के पास पण्डरी में आम जगह पर शराब पीते हुए शिवकुमार पिता कंधीलाल दहिया 25 वर्ष को पकड़कर उसके खिलाप आबकारी एक्ट 36-सी के तहत कार्रवाई की है।

दुर्घटनाग्रस्त कार को अज्ञात ने लगाई आग

रायपुर। रायपुर जिले के अभनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पचेड़ा के पास दुर्घटनाग्रस्त कार को अज्ञात आरोपियों ने आग लगाकर जला दिया। इस घटना की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। कार ग्राम पचेड़ा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमें सवार दो भाई घायल हो गए थे। दुर्घटना में कार पलट गई थी, जिसे घटना के बाद जब उसे लेने पहुंचे तो देखा कि कार पुरी तरह जल गई थी। अज्ञात असामाजिक तत्वों ने उसे आग लगा दी थी।

3.93 लाख किसानों को 533 करोड़ रू. फसल बीमा दावा भुगतान

■ सिंचाई परियोजना में सृजित होंगे 26.86 लाख मानव कार्य दिवस

■ लॉकडाउन के दौरान 19.87 लाख किसानों को 397.47 करोड़ रूपए भुगतान का प्रस्ताव

■ मनरेगा के माध्यम से 9,997 बाड़ी का विकास

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत खरीफ वर्ष 2019 में 3 लाख 93 हजार 763 किसानों को 533 करोड़ 9 लाख रूपए फसल बीमा का दावा भुगतान की राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त दावा की राशि लगभग 101 करोड़ रूपए किसानों को भुगतान करने की कार्यवाही की जा रही है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2019 में 15 लाख 52 हजार किसानों का कुल 8,142.18 करोड़ रूपए का बीमा किया गया है। जिसके लिए 1139.75 करोड़ रूपए प्रीमियम राशि का भुगतान बीमा कम्पनी को किया गया है। जिसमें किसानों का अंशदान 162.84 करोड़ भी शामिल है।

राज्य में मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2019 में 11 हजार 475 किसानों द्वारा उद्यानिकी फसल का बीमा कराया गया था। जिसमें से 7 हजार 668 किसानों को 12 करोड़ 38 लाख रूपए का दावा भुगतान किया जा चुका है एवं 2 हजार 593 किसानों को फसल बीमा दावा की राशि एक करोड़ 85 लाख रूपए की भुगतान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। प्रदेश में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत वाटरशेड संबंधित कार्यों में लगभग 24 लाख 86 हजार मानव दिवस एवं लघुत्तम सिंचाई तालाब एवं चेकडेम निर्माण में 2 लाख मानव कार्य दिवस सृजित किए जाएंगे।

राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए लॉकडाउन के बाद 19 लाख 87 हजार किसानों को 397.47 करोड़ रूपए प्रधानमंत्री किसान योजना के तहत भुगतान के लिए भारत सरकार को आनलाईन प्रस्ताव भेजा गया है। भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के तहत भुगतान की कार्यवाही किस्तों में की जा रही है। राज्य शासन के बीज निगम द्वारा बीज उत्पादक किसानों को 5 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा रहा है। शेष राशि 20 करोड़ रूपए की भुगतान की कार्यवाही जारी है। राज्य में सुराजी गांव के बाड़ी विकास कार्यक्रम के तहत 2019-20 में मनरेगा के तहत 9 हजार 997 बाड़ी स्वीकृत किया गया है। राज्य पोषित बाड़ी विकाय योजना के तहत उद्यानिकी विभाग को वित्तीय वर्ष 2019-20 में 10 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। जिसका उपयोग खरीफ 2020 में बाड़ी विकास के लिए किया जाएगा।

कोविड-19 से हुए आर्थिक लॉकडाउन के लिए अनक्लेम्ड डिपॉजिट है फायदेमंद

देशहित में काम आ सकता है अनक्लेम 70 हजार करोड़ रु.

■ पीएम मोदी को अजीत जोगी ने खत लिखकर दी सलाह

■ बैंक, बीमा कंपनियों, पोस्ट ऑफिस व पीएफ में है राशि

नवप्रदेस संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) सुप्रीमो अजीत जोगी ने एक फायदेमंद सलाह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया है। पीएम मोदी को लिखे खत में श्री जोगी ने रहस्योद्घाटन करते हुए कहा है कि कोरोना संक्रमण से देश लॉकडाउन है। ऐसे में कारोबार, आर्थिक आपातकाल जैसी स्थिति निर्मित हो गई है। व्यापार, परिवहन समेत अंतर्राष्ट्रीय कारोबार भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इससे ज्यादा आर्थिक व्यवस्था करने में देश को कोरोना से लड़ने के लिए किये जा रहे प्रयासों से भी हुआ है। ऐसे में दसियों साल से बैंकों, बीमा कंपनियों पोस्ट ऑफिस, प्रोविडेंट फंड, स्टॉक मार्केट इत्यादि में जमा करीब 70 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि का कोई दावेदार नहीं है। ऐसी अनक्लेम्ड राशि जो हजारों करोड़ रुपए है वह देशहित के लिए उपयोग में लाई जा सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के मुताबिक कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने, नई जांच किट और आवश्यक दवाओं के अलावा नए आईसीयू वार्ड निर्माण में इन बिना दावों वाली राशि जो बेकार पड़ी हुई है उसका सदुपयोग किया जा सकता है। बता दें कि एक तरफ आर्थिक नुक्सान का आंकलन अगर करें तो लॉक़डाउन से रोजाना कई अरब डॉलर का नुक्सान भारत को हुआ है। ऐसे में अनक्लेम्ड डिपॉजिट पैसों का केंद्र सरकार उपयोग कर सकती है। अजीत जोगी ने अपील की है कि नीतिगत निर्णय लेते हुए अमल में लाये जाने पर देश को कोरोना से लड़ने के लिए एक बड़ी राशि मिल सकती है।

क्या है अनक्लेम्ड डिपॉजिट राशि

वर्तमान में भारत के विभिन्न बैंकों और इन्शुरन्स कंपनियों में 32,000 करोड़ रूपए से भी ज्यादा की राशि अनक्लेम्ड डिपाजिट है। अनक्लेम्ड डिपाजिट उस रकम को कहा जाता है जिसपर पिछले 10 वर्षों में किसी ने भी दावा नहीं किया हो। केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा जुलाई 2019 में लोकसभा को दिए गए लिखित जवाब के अनुसार वर्ष 2018 तक देश की बैंकों में 14,578 करोड़ रूपए अनक्लेम्ड डिपाजिट के रूप में जमा है। इसमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में 2,156 करोड़ रूपए जमा है। वहीं इन्शुरन्स कंपनियों में 17,887 करोड़ रूपए अनक्लेम्ड डिपाजिट हैं जिसमें देश की सबसे बड़ी इन्शुरन्स कंपनी लाइफ इन्शुरन्स कारपोरेशन का अकेले 12,892 करोड़ रूपए अनक्लेम्ड डिपाजिट के रूप में जमा है। इस प्रकार वर्ष 2018 तक देश की बैंकों और इन्शुरन्स कंपनियों में 32,465 करोड़ रूपए अनक्लेम्ड डिपाजिट के रूप में जमा है। वर्ष 2019 की गणना करने पर यह राशि और बढ़ जायेगी। एक निजी एजेंसी के सर्वे के अनुसार प्रोविडेंट फण्ड, पोस्ट ऑफिस की बचत योजनाओं, स्टॉक मार्केट, म्यूच्यूअल फण्ड आदि में भी बहुत राशि अनक्लेम्ड डिपाजिट के रूप में जमा है। यदि बैंकों और इन्शुरन्स कंपनियों की राशि में उपरोक्त संस्थाओं की राशि भी जोड़ दी जाए तो देश में अनक्लेम्ड डिपाजिट की कुल राशि 70,000 करोड़ से भी ज्यादा की है।

सांसद, विधायक, अफसर सभी दे रहे वेतन

केंद्र सरकार और कई राज्यों की सरकारों ने जनप्रतिनिधियों जैसे प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों, कई राज्यों के मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों ने वेतन के अलावा देय निधियों को भी कोरोना से लड़ने में बतौर आर्थिक सहयोग दे दिया है। सीएम फंड, कोरोना रिलीफ फंड के साथ ही पीएम आपदा फंड में पूरा देश आर्थिक सहयोग कर रहा है। फिल्मी सितारों, बड़े बिजनेस मैन और आम जनता भी लगातार डोनेट कर रही है। ऐसे में पूर्व सीएम अजीत जोगी व्दारा अनक्लेम्ड डिपॉजिट राशियों का सदुपयोग करने की सलाह वाला पत्र चर्चा में है।

यहां जमा है बिना दावेदारी वाला पैसा

बैंक, बीमा, पोस्ट ऑफिस, प्रोविडेंट फंड, स्टॉक मार्केट इत्यादि

कटघोरा हाट स्पाट, बिलासपुर, तखतपुर, रतनपुर सहित अन्य इलाकों में सर्च जारी

बिलासपुर/कटघोरा। छत्तीसगढ़ में कटघोरा में अचानक आधा दर्जन से अधिक कोरोना पाजेटिव मरीजो की संख्या बढ़ने के बाद कटघोरा-बिलासपुर आने-जाने के लिए आपको रतनपुर होकर जाना होगा। कटघोरा के लोगों का व्यापारिक और सामाजिक संपर्क बिलासपुर से रहा है,कटघोरा शहर इन दिनों कोरोना हॉटस्पॉट बना है। ऐसे में बिलासपुर, रतनपुर के साथ कटघोरा से सटे गांवों में प्रशासन और वहां के रहवासियों को अलर्ट रहना होगा। कटघोरा के कोरोना पीड़ितों से संपर्क रखने वाले जिले के लोगों की गुरुवार को दिनभर तलाश चलती रही। ऐसे 117 लोगों को होम आइसोलेट किया गया है। इसमें से 24 का सैंपल लेकर जांच के रायपुर एम्स भेजा गया है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को तालापारा में घर-घर संपर्क कर पीड़ितों के संपर्क में आने वालों की लिस्ट तैयार की। यहां कोरोना ग्रसित लोगों के चार रिश्तेदारों का सैंपल लिया गया। इस दौरान टीम को यह भी पता चला कि अन्य दो लोग भी पीड़ितों के संपर्क में आए थे। इन दोनों का भी सैंपल लिया गया, फिर सरकंडा स्थित जिला सहकारी बैंक से तीन कर्मियों का सैंपल लिया गया। वहीं जूनी लाइन की एक गली सील की गई है।

रतनपुर से कटघोरा गई बारात को ध्यान में रखते हुए दूल्हा-दुल्हन, सास-ससुर समेत आठ लोगों का सैंपल लिया गया है। कटघोरा में हुई शादी में कोरोना ग्रसित भी शामिल हुए थे। इसके बाद रतनपुर के ग्राम पुडू के एक पुरुष का सैंपल लिया गया। वहीं प्रशासन यहां अलर्ट है। रतनपुर से 8, तालापारा से 6, जिला सहकारी बैंक सरकंडा से 3, लुतरा से 5, कोटा से 1 और पुडु से 1 समेत कुल 24 लोगों के सेम्पल लिए गए, और जांच के लिए रायपुर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक मुंगेली, तखतपुर समेत कई इलाकों के कटघोरा कनेक्शन की तलाश प्रशासन कर रहा है। कोरोना पॉजिटिव लोगों के संपर्क में आने वालों की तलाश आज भी चलेगी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया, कि कटघोरा के कोरोना पीड़ितों से मिलने वाले कुछ और लोगों की जानकारी मिली है। जिन्हें आइसोलेट करने के साथ जरूरत पड़ने पर सैंपल लिया जाएगा।

शराब, नशीली दवाईयां और पिस्टल के साथ दो गिरफ्तार

■ मासिक पत्रकारिता की आड़ में कर रहे थे गोरखधंधा

रायपुर। शहर में पत्रकारिता की आड़ में नशे का कारोबार करने वाले दो मासिक पत्रिका से जुड़े फर्जी पत्रकारो की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने उसके पास से शराब, नशीली दवाइयां और पिस्टल बरामद किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपियों के पास से थोक ने नशीली गोलिया, देशी और विदेशी पिस्टल और अंग्रेजी शराब मिले है। पुलिस ने आरोपियों को शुक्रवार की देर रात खम्हारडीह स्थित उनके निवास से गिरफ्तार किया है। दोनो आरोपियों का नाम जतिन आकाश सिंह और विनय अग्रवाल है। खुद को जतिन ने प्रांप्ट टाइम्स नामक मासिक पत्रिका का पत्रकार बताकर पुलिस को धौस दे रहा था। दोनों ही लॉक डाउन में चौगुने कीमत में शराब बेच रहे थे, मुखबिर की सुचना पर पुलिस ने उनके घर में छापामार कार्यवाही कर उक्त अवैधानिक सामान जब्त किया है।

परोपकार...

रायपुर (नव प्रदेश)। राज्यपाल अनुसुईया उइके ने शनिवार को परोपकार फाउंडेशन द्वारा भेजी जा रही राहत सामग्री के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर परोपकार फाउंडेशन के प्रतिनिधि संदीप व्यास एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

सेमीनार एम्स रायपुर ने आंध्र प्रदेश के चिकित्सकों और मंगलागिरी एम्स के साथ साझा किए अनुभव

वेबीनार के माध्यम से बताई इलाज की सफल पद्धति

■ टेस्टिंग से लेकर इलाज तक की पद्धति के बारे में जाना

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर के चिकित्सकों ने कोरोना वायरस के उपचार से संबंधित अपने अनुभवों को देश के अन्य संस्थानों के साथ साझा करना शुरू कर दिया हैं। इस कड़ी में आंध्र प्रदेश के सभी मेडिकल कालेज और सीएमओ ने और मंगलागिरी स्थित एम्स के चिकित्सकों ने रायपुर एम्स के साथ वेबीनार के माध्यम से यहां अपनाई गई उपचार की पद्धति और चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टॉफ के अनुभवों को जाना। यहां दस रोगियों के ठीक हो जाने पर सभी ने एम्स की टीम को बधाई दी और इस सफ्लता को अपने संस्थानों में दोहराने का संकल्प व्यक्त किया।

निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर के निर्देशन में उप-निदेशक (प्रशासन) नीरेश शर्मा, प्रो. अजॉय कुमार बेहरा सहित कोविड-19 के उपचार में जुटे चिकित्सकों ने आंध्र प्रदेश के स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, विभिन्न मेडिकल कालेजों और सीएमओ के साथ-साथ एम्स मंगलागिरी के साथ कोरोना वायरस को लेकर संवाद किया। इसमें एम्स रायपुर द्वारा कोरोना वायरस के उपचार में प्रयोग किए गए प्रोटोकॉल, ड्रग्स कंबीनेशन, चिकित्सकों और नर्सिंग स्टॉफ की शिफ्ट ड्यूटी, उन्हें डिसइंफेक्ट करना, लैब में सैंपल की टेस्टिंग से लेकर पूरे कैंपस को इंफेक्शन फ्री रखने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर प्रो. नागरकर ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग की निरंतर सहायता का उल्लेख करते हुए रोगी की पहचान करने, उसके संपर्क में आने वालों को क्वारेंटाइन करने और रोगी का इलाज करने की प्रक्रिया के बारे में सभी को विस्तार से जानकारी प्रदान की।

प्रो. बेहरा ने बताया कि लगभग 60 चिकित्सकों और नर्सिंग स्टॉफ12 घंटे की शिफ्ट में सात दिन तक वार्ड में रहता है और इसके बाद उन्हें 14 दिन क्वारेंटाइन में रहना होता है। इस दौरान आवश्यक सावधानियों के बारे में भी उन्हें बताया गया। अमेरिका से डॉ. वैधी भी इन सभी चिकित्सकों के साथ जुड़ी और उन्होंने अमेरिका में कोरोना वायरस की स्थिति और इलाज की पद्धति के बारे में बताया।

सभी चिकित्सकों ने एक बार पुनः इसी प्रकार वेबीनार के माध्यम से जल्द ही एक दूसरे के अनुभवों को जानने का सुझाव दिया जिसे एम्स रायपुर ने सहर्ष स्वीकार कर लिया।

डीडी नगर सेक्टर-1 में पानी टंकी सफाई का कार्य जारी

रायपुर (नव प्रदेश)। शहर के डीडी नगर सेक्टर-1 में स्थित पानी टंकी की सफाई का कार्य शनिवार को किया जा रहा है, जिसके कारण शाम की पाली में इस क्षेत्र में पानी की सप्लायी प्रभावित रहेगा। शहर में गंदे पानी से पीलिया के मामले सामने आने के बाद नगर निगम प्रशासन ने अब शहर की पानी टंकियों को बारी-बारी से सफाई करने का अभियान छेड़ दिया है। इस अभियान के तहत महापौर एजाज ढेबर ने शुक्रवार को जहां रावणभाटा फिल्टर प्लांट में अपनी मौजुदगी में सफाई करवाई थी, वहीं आज नगर निगम जल विभाग द्वारा डीडी नगर सेक्टर -1 की पानी टंकी की सफाई करवाई जा रही है। इस पानी टंकी से सुबह पानी की सप्लाई करने के बाद से यहां सफाई का कार्य शुरू किया गया है, जो शाम तक चलेगा। इस सफाई कार्य के कारण इस पानी टंकी में जल का भराव नहीं हो पाएगा, जिसके कारण शाम की पॉली में लोगों को पानी नहीं मिल पायेगा। रविवार को इस टंकी से पुनः पानी सप्लायी शुरू कर दी जाएगी। ज्ञात हो कि महापौर ने निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने हरसंभव आवश्यक कदम उठाए जाए। इसमें कोई लापरवाही सहन नहीं किया जाएगा।

1000 से ज्यादा परिवारों को हफ्तेभर का राशन, बजरंग दल कर रहा मदद

रायपुर। लॉकडाउन में लोगों को अनाज सहित अन्य भोजन सामग्री बजरंग दल की ओर से वितरित की जा रही है। बंजारी प्रखण्ड सह संयोजक प्रिंस सिंह परमार ने बताया कि लॉक डाउन के दौरान उनकी ओर से अब तक 1000 से ज्यादा परिवारों को हफ्ते भर का राशन उपलब्ध कराया गया है। इसमें 10 किलो चावल, हरी सब्जियां आलू प्याज, सोयाबीन बड़ी और 200 मास्क जरूरतमंदों सहित बेसहारा लोगों को दिया गया है। बजरंग दल के 40 से अधिक कार्यकर्ताओं की टीम बीरगांव में यह कार्य कर रही है। प्रिंस परमार ने जनता से अपील की है कि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें इससे कोरोना संक्रमण को रोकने में मदद मिलेगी। सरकार की ओर से जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए साफसफाई का विशेष ध्यान रखें।

नरेंद्र मोदी ने पहना गमछे का बना माउथ मास्क, जानें घर पर बनाने का तरीका

नई दिल्ली। नरेंद्र मोदी ने पहना गमछे का बना माउथ मास्क, जानें घर पर बनाने का तरीकासोशल मीडिया पर आपने इन दिनों कई ट्रेंड देखे होंगे जिनमें मूंछ चैलेंज, बीयर्ड चैलेंज, चश्मा चैलेंज के साथ-साथ गमछा चैलेंज का भी नाम बड़ी तेजी से लोगों के बीच पहुंचा और लोगों ने इस चैलेंज को एक्सेप्ट करते हुए अपनी तस्वीरों को सोशल मीडिया पर डालना शुरू कर दिया है। वहीं, सरकार ने कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए लोगों को होममेड मास्क पहनने की सलाह दी थी। लोगों को जागरूक करने के लिए चला रहा है। अब तक इस अभियान से 40 हजार से भी ज्यादा लोग जुड़ चुके हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इस पहल को अमल में लाते हुए माउथ मास्क पहने हुए देखा गया। यह माउथ मास्क गमछे से बना हुआ है जिसे आप भी घर पर बना सकते हैं और हमारे मास्क इंडिया अभियान से जुड़ सकते हैं। इस माउथ मास्क को घर पर बनाने का तरीका जाने से पहले आपको यह जरूर जानना चाहिए कि नरेंद्र मोदी ने आज गमछे से बना माउथ मास कहां पहना? दरअसल देश में तेजी से बढ़ रहे संक्रमण को देखते हुए कोरोना वायरस के कारण पूरे देश में जो लॉकडाउन लगा है उसे बढ़ाने और रोकने पर प्रधानमंत्री लगातार राज्यों के मुख्यमंत्रियों से विचार विमर्श कर रहे हैं कि क्या लॉकडाउन बढ़ाना चाहिए या खत्म करना चाहिए? इसी दौरान आज वह गमछे से बना माउथ मास्क पहने हुए दिखाई दिए जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी बड़ी तेजी से वायरल हो रही हैं। आप भी इस माउथ मास्क को बना सकते हैं।

सबसे पहले करें गमछे का चुनाव

नरेंद्र मोदी जैसा होममेड गमछा मास्क बनाने के लिए आपके पास एक गमछा जरूर होना चाहिए अगर आपके पास कोई गमछा नहीं भी है तो आप कोई मुलायम और पतली तौलिया का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि इस बात का भी जरूर ध्यान दें कि आपका गमछा साफ सुथरा हो और उसमें किसी भी प्रकार की कोई गंदगी ना लगी हो। इसके साथ-साथ आपके गमछे का कपड़ा मुलायम हो और हो सके तो सूती कपड़े का गमछा इस्तेमाल करें जो सबसे बेहतरीन रहेगा।

अब इसे लंबाई में रखते हुए कम से कम चार बार फोल्ड करें

- *अब गमछे के दोनों सिरों को पकड़ें और अपने मुंह पर लगाते हुए इसे पीछे की ओर ले जाएं।*
- *दोनों सिरों को सिर के पीछे की ओर बांध दें।*
- *एक बार यह जांच लें कि आपका गमछा आपके नाक और मुंह को अच्छी तरह ढक रहा है।*
- *गमछा एक मास्क के रूप में आपको बेहतरीन तरीके से कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाए रखने में मदद कर सकता है।*

अब क्या करना है

होममेड मास्क को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है और इसी के तहत एक अभियान की भी शुरुआत की गई है जिसका नाम 'मास्क इंडिया' अभियान है। जब आप पीएम नरेंद्र मोदी की तरह गमछे से बना होममेड मास्क बना लें या फिर अगर आपके पास गमछे से बना होममेड मास्क बनाने का कोई और दिलचस्प तरीका है तो उसका वीडियो बनाएं और उस वीडियो के साथ-साथ अपने मास्क की सेल्फी को भी मास्क इंडिया पेज पर अपलोड करें।अपलोड किए जाने वाले फोटो और वीडियो को मास्क इंडिया पेज पर तो दिखाया ही जाएगा।

कोरोना वायरस से बचने के लिए इस्तेमाल करें ये फेस मास्क

अब इसे घर पर बनाना है बेहद आसान

कोरोना वायरस से बचने के लिए इस्तेमाल करें ये फेस मास्क, घर पर बनाना है बेहद आसानकोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए पूरे देश में लॉकडाउन है और तेजी से बढ़ रहे संक्रमण को देखते हुए यह उम्मीद भी जताई जा रही है कि शायद यह लॉकडाउन आगे भी बढ़ सकता है। फिलहाल सरकार के द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार होममेड मास्क पहनना भी बहुत जरूरी है जो कोरोना वायरस के संक्रमण से आपको बचा सकता है।यहां आपको कुछ ऐसे ही टिप्स बताए जा रहे हैं जिनके जरिए आप घर बैठे होममेड मास्क तैयार कर सकते हैं और कोरोना वायरस के संक्रमण से बचे भी रह सकते हैं।

कैसे बनाएं होममेड मास्क

होममेड मास्क बनाने का तरीका बहुत आसान है और आप इसे बिना किसी परेशानी के तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आपको किसी अच्छे फैब्रिक के कपड़े का सिलेक्शन करने के बाद यह देखना होगा कि वह कपड़ा मास्क बनाने के लिए साफसुथरा है या नहीं। अगर कपड़े में गंदगी लगी है या उस पर धूल जमी हुई है तो ऐसे कपड़े को मास्क बनाने के लिए इस्तेमाल ना करें बल्कि इसके बजाय किसी और कपड़े का चयन करें। उसके बाद आप इस कपड़े का मास्क तैयार कर सकते हैं।

बिना सुई धागे से तैयार होगा मास्क

आपको यह सुनकर हैरानी होगी लेकिन अगर आप होममेड मास्क बनाना चाहते हैं तो आपको ना तो किसी सुई धागे की जरूरत पड़ेगी और ना ही सिलाई मशीन की। जी हां, इस होममेड मास्क को आप सुई धागे के बिना भी बड़ी आसानी से तैयार क र सकते हैं लेकिन आपके पास एक कैंची और एक पेन या मार्कर जरूर होना चाहिए। नीचे इस होममेड मास्को को तैयार करने की विधि के बारे में आपको स्टेप बाई स्टेप पूरी जानकारी दी जा रही है।

घर पर कैसे बनाएं होममेड मास्क

- सबसे पहले आपको किसी अच्छे कपड़े का चयन करना है।
- अब एक मार्कर या स्केच लें।
- अब कपड़े को जमीन पर अच्छी तरह से फैला कर रखें।
- अब इस पर मार्कर से मास्क शेप की लाइन ड्रॉ करें।
- आपको अब मास्क की डिजाइन के लिए ड्रॉ की गई लाइन को ध्यान में रखते हुए कैंची के सहारे इसे मास्क शेप में काटना है।
- अब आपका मास्क बड़ी आसानी से और बिना किसी झंझट के तैयार हो जाएगा जिसे आप पहनने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

क्यों जरूरी है होममेड मास्क

करोना वायरस के तेजी से बढ़ रहे संक्रमण को देखते हुए अभी भी स्थिति पर नियंत्रण पाना बहुत मुश्किल लग रहा है। यही वजह है कि देश में मास्क की किल्लत ना होने पाए और लोगों को इसके संक्रमण से बचाया जा सके इसलिए सरकार ने यह बात ध्यान रखते हुए लोगों से पहले ही अपील करना शुरू कर दी है कि लोग होममेड मास्क बनाकर पहनें। इतना ही नहीं होममेड मास्क बाहर मिलने वाले कई मास्क की अपेक्षा काफी हद तक आपके लिए लाभदायक भी हो सकता है।

मास्क इंडिया अभियान से जुड़ने का बेहतरीन मौका

मास्क इंडिया अभियान लोगों को जागरूक करने के लिए और उन्हें संक्रमण से बचाए रखने के लिए ही शुरू किया गया है ताकि लोग घर बैठे होममेड मास्क बनाएं और इसे पहनकर कोरोना वायरस के संक्रमण से बचे रहें। कि जो लोग होममेड मास्स बना रहे हैं वह उसका वीडियो और सेल्फी क्लिक करके मास्क इंडिया पेज पर अपलोड करें। इसलिए अगर आप भी इस अभियान से जुड़ना चाहते हैं तो बड़ी आसानी से जुड़ सकते हैं।

कोरोना से हो जाएं और सावधान

बाजार से घर लौटने के बाद ऐसे करें अपने कपड़ों की सफाई

देश में नोवेल कोरोना वायरस से अब तक 7,600 लोग संक्रमित हो चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस को फैलने के रोकने के लिए बार-बार हाथ धोने और लोगों से दूरी बनाए रखने का निर्देश जारी किया है। रिसर्च में भी यह पाया गया है कि कोरोना वायरस कपड़ों सहित अन्य वस्तुओं की सतह पर कुछ घंटों से लेकर कुछ दिनों तक जीवित रहता है। हम भले ही अपनी साफ-सफाई की आदतों को सुधार लें लेकिन फिर भी हमें अपने कपड़ों को लेकर बेहद सावधान रहना चाहिए क्योंकि कपड़ों की सतह पर भी कोरोना वायरस हो सकता है। हालांकि, वैज्ञानिकों का मानना है कि कपड़ों जैसी सॉफ्ट चीजों से कोरोना वायरस फैलने का खतरा कम रहता है। आइए जानते हैं इस महामारी के दौरान अपने कपड़े धोने के सही तरीके।

बाहर से घर लौटने के बाद धोएं कपड़े

बाहर से घर लौटने के बाद जितनी जल्दी हो सके अपने कपड़े धो लें। भले ही देश पूरी तरह से लॉकडाउन चल रहा है, लेकिन लोग जरूरी सामान खरीदने के लिए दुकानों पर जा रहे हैं। वस्तुओं की सतहों से वायरस आपके कपड़े पर आ सकते हैं इसलिए घर आने के तुरंद बाद अपने कपड़े धोने के लिए वाशिंग मशीन में डाल दें।

कपड़े अच्छी तरह करें साफ

कपड़ों की सतह अन्य वस्तुओं की अपेक्षा मुलायम होती है इसलिए इन्हें साबुन से अच्छी तरह साफकरें। सिर्फकपड़े की सतहों की सफाई करना पर्याप्त नहीं है। अगर संभव हो तो कपड़े को कुछ देर तक पानी में डिटर्जेंट मिलाकर भिगोएं और फिर साफकरें।

कपड़ों को करें ब्लीच

ब्लीच एक ऐसा एजेंट है जो कठोर सतहों से भी कीटाणुओं को नष्ट करके बाहर निकाल देता है। हालांकि किसी भी तरह के ब्लीच का इस्तेमाल करने से कपड़े जल्दी ही खराब हो जाते हैं। इसलिए हमेशा विशेष रूप से कपड़ों के लिए बने ब्लीच का ही इस्तेमाल करना चाहिए। कपड़े धोते समय ब्लीच की जरा सी मात्रा का इस्तेमाल करने से संक्रमण से बचाव होता है।

गर्म पानी में धोएं कपड़े

सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार अपने कपड़ों को गर्म पानी में साफ करना चाहिए। कपड़े धोने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले पानी का तापमान 40 से 60 डिग्री सेल्सियस के बीच होनी चाहिए जिससे कपड़ों में मौजूद वायरस नष्ट हो सके। इसके साथ ही अच्छी क्वालिटी के डिटर्जेंट का भी इस्तेमाल करना चाहिए।

कपड़े धोते समय बरते यें सावधानियां

- कोराना वायरस महामारी के रुप में फैल चुका है इसलिए इससे बचने के लिए कपड़े धोते समय भी कुछ सावधानियां बरतने की जरुरत है।
- यह ध्यान रखें कि कपड़े घर के किसी भी सतह से स्पर्श न हों।
- कपड़े की हर परत को अच्छी तरह से साफकरें।
- धोने के बाद अपने कपड़े ऐसी जगह पर रखे जो साफ सुथरा हो और वायरस का खतरा न हो।
- कपड़े धोने के बाद अपनी हाथों को भी अच्छी तरह से साफकरें।
- बाहर से घर लौटने के बाद ऊपर दिए गए तरीकों से कपड़े धोने से कोराना वायरस के संक्रमण से बचा जा सकता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

प्रार्थना में प्रीत का आभास लेकर लौट

प्रार्थना में प्रीत का आभास लेकर लौट आए। अनछुए अनुपम अतुल अहसास लेकर लौट आए। जो गए नदिया किनारे उनको शीतल जल मिला था, हम गए सागर किनारे प्यास लेकर लौट आए। **इति शिवहरे**

दिल्ली प्रदेश में चार लाख लोगों को

दिल्ली प्रदेश में चार लाख लोगों को भोजन कराने का दावा कहीं किसी नए घोटाले की बुनियाद तो नही है? हमारे प्रदेश में भी दावे बढ़-चढ़ कर किये जा रहे हैं लेकिन ज़मींन पर वैसा कुछ दिखता नही। जो भी राहत कार्य दिख रहे ज़मीन पर, वे या तो सामाजिक संगठन के लोग करते दिख रहे हैं, या भाजपा के। सारे शासकीय दावे घोटाले की पूर्व पीठिका तो नही? **पंकज कुमार झा**

ख़ास पाती | राम कहते है मित्रता की उम्मीद

राम कहते है मित्रता की उम्मीद से यदि कोई तुम्हारी शरण में आये तो ठुकराना नहीं चाहिए । जो सच्ची मित्रता की नीयत से आता है वो तो मित्र योग्य है ही लेकिन जो धोखे की नीयत से भी मित्र बन कर आये तो भी शरण में आये को शरण अवश्य देनी चाहिए । शरण में आये को ठुकराना पाप है । कोई ठगना भी चाहे तो ठगने देना चाहिए, क्योंकि किसी को ठगने से अच्छा ठगा जाना होता है। **सुनिता बिंदल**

कम ही लोग जानते है कि इस

कम ही लोग जानते है कि इस समय ये जो परंपरागत प्राचीन भेषभूषा का टास्क जो चला हुआ है इसमें भी हम भारतीयों की कोरोना वायरस की मतिभर्मित करने की मंशा है । बाल दाढ़ी पहले ही बढ़े हुए हैं ऊपर से ये साधु, महात्माओ का चोला । कोरोना इसे साधुओं का देश समझे और कहे.. कहाँ आ गया मैं इन पुण्य आत्माओ के बीच में...चलो निकलो रे इस देश से। **मुनेश शर्मा**

इस कदर हम पर यहां पहरा हुआ



इस कदर हम पर यहां पहरा हुआ, है इश्क तबसे होंठ पर ठहरा हुआ।। कोशिशें करते हुए दम टूट जाये न कहीं, परचम जहालत का सदा है फहरा हुआ।। दोस्ती का धर्म तो हम ही निभाते रह गए, वहां दुश्मनी का रंग तो और ही गहरा हुआ।। थे जिंदगी के खेल वो खुशियों के ही तो वास्ते, है मौन गलियों में कहो क्यों बड़ा पसरा हुआ।। दे रहा आवाज है ग़िरी भीड़ में मगर, कैसे न जाने ये जमाना जानके बहरा हुआ।। **गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश**

इन जाहिलों ने देश, अखाड़ा बना

इन जाहिलों ने देश, अखाड़ा बना दिया दुनिया में क्यूँ हमारा, तमाशा बना दिया करते हैं राजनीति जो विपदा में भी बहुत विपदा ने देख उनको नकारा बना दिया नरमी से पेश उनसे हमेशा ही आये हम नरमी को जंग का ही ठिकाना बना दिया लिखने को गीत छंद उठाई थी लेखनी हालात यूँ हुए कि अंगारा बना दिया ज़ज्बात अपने खुल के सहर तो कहेगी ही दुनिया ने उसको आज निराला बना दिया। **बबिता गर्ग**

दुनिया में तीन लोग बहुत प्यारे

दुनिया में तीन लोग बहुत प्यारे और अच्छे हैं!! एक मैं!! दुसरा मेरे माता पिता की संतानज्यानि कि मैं!! और तीसरा आपकी मित्र ज्यानि कि फिर मैं!! जलो मत हौसला रखो आप भी तो इतने प्यारे और अच्छे इंसान के दोस्त हो यानि कि फिर मैं! **सीमा राय द्विवेदी**

जब कुकर्म सामने आ रहा था

जब कुकर्म सामने आ रहा था तब उसको मिडिया प्रोपेगेन्डा के नाम पर ढंका जा रहा था तब ये तर्क दिया जाता था कि लोग हर बात को धर्म के नाम से जोड़ते है वगैरह वगैरह जब विपत्ति घर तक पहुँच गया तो विरोध करने का नाटक कर रहे हो। **अंबर दानी**

चलो कोई कहानी बन जाये, फ़ना

चलो कोई कहानी बन जाये, फ़ना होकर निशानी बन जाये! कसकर लगाम तो लगानी होगी, ख़्वाहिशें न आसमानी बन जाये! आग बरसाती किरणों की बीच, ठंडी फुहार का पानी बन जाये! मौसम के मिज़ाज का पता नही, बेहतर है शाम सुहानी बन जाये! बेहद दर्द पसरा पडा है ज़हान में, बाँट ले हम इतने दानी बन जाये! मोहक स्वप्निले भरम न पालना, भूले से न मनमानी बन जाये ! चलो तपके, खपके, ख़ाक होकर पाकीज़ा और रूहानी बन जाये !! **राज चुन्नी शर्मा**

QUIZ TIME

1) निम्नलिखित में से सबसे पहला खलीफा कौन था?
(क) सुलेमान द ग्रेट (ख) अबू बाकर (ग) इमाम हुसैन (घ) कान्स्टेन्टाइन

2) नवम्बर, 2019 में '8वाँ राष्ट्रीय ट्राइबल क्राफ्ट मेला' का आयोजन कहाँ किया गया है? (धनबाद / भुवनेश्वर)

3) दिसम्बर, 2019 में विश्व कबड्डी कप, 2019 का आयोजन किस राज्य में किया गया?

4) किस मंत्रालय ने भारतीय पोषण कृषि कोष का शुभारम्भ किया?

5) प्रसिद्ध बांग्ला कवयित्री, उपन्यासकार और अकादमिक व्यक्तित्व का नाम बताए?

उत्तरमाला-(1) अबू बाकर (2) भुवनेश्वर (3) पंजाब (4) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (5) नबनीता देव सेन

Ramaquiz

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 12 अप्रैल की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1801 - विलियम कैरे को कलकत्ता (अब कोलकाता) के फोर्ट विलियम कॉलेज में बंगाली भाषा का प्रोफेसर नियुक्त किया गया। 1844 - टेक्सास के दूत ने अमेरिका के साथ अनुबंध की संधि पर हस्ताक्षर किये। 1885 - मोहनजोदड़ो की खोज करने वाले प्रसिद्ध इतिहासकार राखालदास बनर्जी का जन्म। 1927 - ब्रिटिश कैबिनेट ने 21 वर्ष की महिलाओं को मतदान करने का अधिकार देने का समर्थन किया। 1930 - जर्मनी और ऑस्ट्रिया ने एक व्यापारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। 1945 - अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डेलानो रूजवेल्ट का निधन। 1945 - एथिशन की लड़ाई मित्र राष्ट्रों की जीत पर समाप्त हुई।

फिर फूटा 36 हजार लोगों की जान लेने वाला ज्वालामुखी, 150किमी दूर तक गूंजा धमाका

इंडोनेशिया (ए.)। साल 1883 में 36 हजार से ज्यादा लोगों की जान लेने वाला इंडोनेशिया का क्राकाटोआ ज्वालामुखी फिर फूट पड़ा है। राजधानी जकार्ता जो कि इस ज्वालामुखी से करीब 150 किलोमीटर दूर है, वहां तक इसके धमाके की आवाज सुनी गई। सैटेलाइट तस्वीरों से हवा में 15 किलोमीटर ऊपर तक ज्वालामुखी का धुआं रेकॉर्ड किया गया है। बताया जा रहा है कि दिसंबर 2018 के बाद से सबसे मजबूत विस्फोट है। करीब 357 मीटर ऊंचाई वाला यह ज्वालामुखी दुनिया के सबसे खतरनाक ज्वालामुखियों में से एक है। इसने 1883 में जो तबाही मचाई, उसके बारे में आपको बताते हैं।

ग्लोबल लेवल पर बढ़ा टेम्प्रेचर

1883 में क्राकाटोआ में हुआ विस्फोट दुनिया का सबसे भयावह ज्वालामुखी विस्फोट है। जिसने 36 हजार से ज्यादा लोगों की जान ली। आने वाले कुछ सालों में ग्लोबल लेवल पर तापमान में बढ़त देखी गई।

ऐसी तबाही नहीं देखी

यह विस्फोट इतना भयानक था कि आधुनिक इतिहास में इतनी तबाही किसी और ज्वालामुखी ने नहीं मचाई।

13 हजार गुना ताकतवर

क्राकाटोआ के उस विस्फोट में पहले एटम बम से 13 हजार गुना ज्यादा शक्ति थी। वही बम जो अमेरिका ने 1945 में जापान के हिरोशिमा-नागासाकी पर गिराया था।

दुनिया की सबसे तेज आवाज

1883 के विस्फोट को लगभग आधी दुनिया ने सुना। उस विस्फोट को दुनिया का सबसे भयानक विस्फोट कहा जाता है।

मॉरीशस तक सुनाई दी गूंज

1883 के विस्फोट की गूंज वहां से करीब 4,800 किलोमीटर दूर मॉरीशस तक सुनाई दी।

मचाई थी भारी तबाही

उस वक्त के आधिकारिक रिकॉर्ड बताते हैं कि लावा और विस्फोट से आई सुनामी ने 165 गांव और कस्बे पूरी तरह तबाह कर दिए। इसके अलावा 132 गांव-कस्बों को बुरी तरह नुकसान पहुंचा था।

इंदौर में कोरोना से मौत का बढ़ा आंकड़ा, पहले से ही खुदवाई कब्रें

इंदौर में कोरोना के संक्रमण से अबतक 30 की मौत, 7 मौतें पिछले 24 घंटों में

- एमपी में मरीजों की संख्या 486 पहुंची, इंदौर सबसे ज्यादा प्रभावित
- सीएम शिवराज ने इंदौर में दो आईएएस समेत 13 अधिकारियों की विशेष टीम तैनात की

इंदौर (ए.)। कोरोना वायरस के कारण बढ़ते मौत के आंकड़ों को देखते हुए मध्य प्रदेश के इंदौर में अडवांस में कई कब्रों को खुदवाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि शवों को दफनाने के लिए लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं मोर्चरी में भी शवों को रखने के लिए जगह की कमी है। इसलिए, स्थानीय लोगों की मांग पर 10 कब्रों को खुदवाया गया है।

इंदौर के चंदन नगर में स्थित नूरानी कब्रिस्तान में पिछले 20 दिनों में लगभग 45 शवों को दफनाया गया है। वहीं कोरोना का हॉटस्पॉट बने इस शहर में संक्रमण को देखते हुए प्रशासन को आशंका है कि मृतकों की संख्या भी तेजी से बढ़ सकती है। ऐसी स्थिति में शवों को दफनाने के लिए कब्रों की कमी हो सकती है।

10 फीट गहरी खोदी जा रही कब्रें

मृतकों को दफनाने के लिए अधिकतर 6 फीट गहरी कब्रें खोदी जाती हैं। लेकिन, कोरोना वायरस के संक्रमण से मरे लोगों के लिए इसकी गहराई बढ़ाकर 10 फीट कर दी गई है। मानव श्रम द्वारा 10 फीट गहरी कब्रों को खोदने में हो रही असुविधा को देखते हुए तीन दिन पहले पोकलैंड मशीन की सहायता से 10 फीट गहरी 10 कब्रों को खुदवाया गया था।

3 दिन में 13 शव दफनाए

मृतकों की संख्या बढ़ने के कारण गुरुवार से लेकर शनिवार तक कब्रिस्तान में 13 शवों को दफनाया गया है। जिसके बाद फिर आज पोकलैंड मशीन की सहायता से कब्रों की खुदाई की जाएगी। इसमें गुरुवार को 8, शुक्रवार को 3 और शनिवार को 2 शव दफनाए गए हैं।

24 घंटे में एक डॉक्टर समेत 7 की मौत

इंदौर में संक्रमितों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। पिछले 24 घंटों में केवल इंदौर में एक और डॉक्टर समेत 7 लोगों की जान जा चुकी है। जिसके बाद शहर में मौत का आंकड़ा अब 30 हो गया है। बता दें कि पूरे राज्य में कोरोना के संक्रमण के कारण मरने वालों की तादाद अब 40 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि कोरोना वायरस संक्रमण के कुल 470 मामलों में से सबसे ज्यादा 249 मामले प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में आए हैं। भोपाल में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 21 मामले आये हैं।

4 की मौत, 6 नए केस, कुल 28 पॉजिटिव... धारावी में फैलता ही जा रहा है कोरोना

मुंबई (ए.)। हजारों झुग्गी-झोपड़ियों और लाखों की आबादी वाले मुंबई के धारावी इलाके में कोरोना वायरस का संक्रमण धीरे-धीरे फैलता ही जा रहा है। शनिवार को 80 वर्षीय बुजुर्ग की मौत के साथ ही धारावी में इस जानलेवा वायरस से मरने वालों की संख्या 4 हो गई है। वहीं 6 नए केस मिलने से यहां अब तक कोरोना के 28 पॉजिटिव मामले सामने आ चुके हैं। बीएमसी के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया, '80 साल के कोरोना पॉजिटिव बुजुर्ग ने कस्तूरबा हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। इसके साथ ही धारावी में कोरोना की वजह से मरने वालों की संख्या बढ़कर 4 पहुंच गई है।' एशिया के सबसे बड़े स्लम एरिया मुंबई के धारावी में 6 और लोगों को कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया है, जिससे वहां संक्रमितों की संख्या 28 पहुंच गई है।

नए मरीजों में दिल्ली के निजामुद्दीन में पिछले महीने हुए जमात के कार्यक्रम से लौटकर आए दो लोग भी शामिल हैं। बीएमसी के अधिकारियों के मुताबिक, 11 नए मरीजों में से तीन महिलाएं हैं। उन्होंने बताया कि उनमें से एक महिला की उम्र 29 वर्ष है, जो वैभव नगर के पहले से सही संक्रमित एक डॉक्टर की पत्नी है, जबकि दूसरी महिला की उम्र 31 वर्ष है, जो कल्याणवाड़ी इलाके की रहने वाली है।

बीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा,'शुक्रवार को कोरोना वायरस के पांच मामले सामने आने के बाद से छह और नए मामले सामने आए हैं। इन छह रोगियों में से पांच मुकुंद नगर के निवासी हैं जबकि 26 वर्षीय एक व्यक्ति राजीव गांधी चॉल में रहता है।

ईरान में कोरोना संक्रमितों की संख्या 70000 के पार

तेहरान (स्पूतनिक)। ईरान में कोरोना वायरस (कोविड-19) के पिछले 24 घंटे में 1800 नए मामलों की पुष्टि होने के साथ ही संक्रमितों की संख्या बढ़कर 70,000 से अधिक हो गयी है तथा इस दौरान 125 और लोगों की मौत होने के साथ मृतकों को आंकड़ा बढ़कर 4357 हो गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता कियानौश जहांपुर ने बताया कि 36,000 से अधिक मरीजों के पूरी तरह ठीक होने के बाद छुट्टी दे दी गई है। जबकि कोरोना के पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 70,029 हो गयी है।

पश्चिम एशियाई देश ईरान कोरोना वासरस महामारी से बुरी तरह प्रभावित है। ईरानी राष्ट्रपति हसन रूहानी ने विश्वास व्यक्त किया है कि हाल के हफ्तों में कोरोना मामलों संख्या में स्थिरता आयी है।

पीएम ने मुंह पर लगाया गमछा सोशल मीडिया पर हुआ हिट

- वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान मोदी ने मुंह पर गमछा लपेटा हुआ था
- कई ने इसे स्टंट बताया, कई बोले कि लोगों को जागरूक करने का अच्छा तरीका

नई दिल्ली (ए.)। कोरोना वायरस के खिलाफ रणनीति बनाने और लॉकडाउन पर विचार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मीटिंग की। इस मीटिंग में मोदी ने कोरोना से बचाव के लिए मुंह पर मास्क की जगह गमछा बांधा जो सोशल मीडिया पर भी हिट हो गया। सोशल मीडिया पर मोदी के इस कदम की काफी सराहना हुई। दरअसल, देश क्या दुनियाभर में मास्क की कमी है। ऐसे में रुमाल या सामान्य कपड़ा भी कोरोना से बचाव के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, मोदी ने इसी का उदाहरण दिया।

लोगों को पसंद आया मोदी का तरीका

मोदी की बात पर सवाल भी उठे, दरअसल मोदी ने वाराणसी में अपनी पार्टी के नेता से बात करते हुए ह-95 को फैशनेबल मास्क बताया था। इसपर कुछ लोगों ने उन्हें घेरा भी।

कुछ ने चुटकी भी ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुख्यमंत्रियों के साथ यह तीसरी बैठक थी, लेकिन पहली बार पीएम मोदी मॉस्क के विकल्प के रूप में गमछा का इस्तेमाल करते दिखे। इससे पहले गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं से टेलीफोन के जरिए बात करते समय प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को देशी उपाय गमछा या स्कार्फ का मास्क के रूप में इस्तेमाल करने का सुझाव दिया था। उन्होंने कहा था कि मॉस्क का इस्तेमाल डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ में काम करने वाले लोगों के लिए आसान होता है।

भारत की बड़ी ग्रामीण आबादी में गमछे का इस्तेमाल किया जाता है। वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए शामिल ज्यादातर मुख्यमंत्री भी मास्क लगाये देखे गए। कोरोना महामारी से लड़ने के लिए दिल्ली समेत देश के कई राज्यों में मास्क लगाने को कहा गया है। इस बीच देश में कोरोना पीड़ितों की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह के आंकड़े के मुताबिक कोरोना मरीजों की संख्या 7,447 हो गयी थी और 239 लोगों की मौत हो गई थी।

महिला अंडर-17 विश्वकप को लेकर फीफा से बातचीत जारी: पटेल

नई दिल्ली, (वार्ता)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष प्रफुल पटेल ने शुक्रवार को कहा कि अंडर-17 महिला विश्वकप की स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) फीफा के साथ टूर्नामेंट की नयी तारीखों को लेकर बात कर रही है। अंडर-17 महिला विश्वकप का आयोजन इस साल नवंबर में भारत में होना था लेकिन कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए फीफा ने इसे स्थगित करने का फैसला किया था। पटेल ने ट्वीट कर कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हम फीफा के साथ मिलकर महिला अंडर-17 विश्वकप को जल्द से जल्द कराने पर चर्चा कर रहे हैं। एलओसी और फीफा टूर्नामेंट की नयी तारीखों को लेकर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम फीफा के साथ महिला विश्वकप के लिए आयु मनदंड निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रखने पर भी चर्चा कर रहे हैं जिससे वे सभी खिलाड़ी इसमें हिस्सा ले सकें जिन्होंने इस टूर्नामेंट के लिए काफी मेहनत की है।

रेफरियों के लिए ऑनलाइन क्लास शुरु करेगा एआईएफएफ

नई दिल्ली (वार्ता)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कोरोना वायरस के कारण खेल गतिविधियां ठप्प होने के बीच शुक्रवार को रेफरियों के लिए ऑनलाइन ट्यूटोरियल क्लास शुरु की। वर्ग तीन और वर्ग चार के कुल 60 रेफरियों को दो बैच में बांटा गया है और इन लोगों को दो घंटे की ऑनलाइन क्लास दी जाएगी। बैच ए को सुरेश श्रीनिवासन और भास्कर कोचिंग देंगे जबकि एंटनी डी कोस्टा और रिजवान उल हक बैच बी को ट्रेनिंग देंगे। कोचिंग देने वाले चारों फीफा के पूर्व रेफरी रह चुके हैं। इसके अलावा 50 पर्यवेक्षक और प्रशिक्षक भी इस क्लास का हिस्सा होंगे।

हेम्पशायर और लियोन ने सहमति से किया अनुबंध रद्द

लंदन (वार्ता)। काउंटी टीम हेम्पशायर और ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने आपसी सहमति से 2020 सत्र का अनुबंध रद्द कर दिया है। हेम्पशायर क्रिकेट ने बताया कि उसने काउंटी चैंपियनशिप के आगामी सत्र के लिए ऑफ स्पिनर लियोन के साथ अपना अनुबंध रद्द कर दिया है। लियोन को चैंपियनशिप सत्र में काफी समय तक क्लब के साथ खेलना था लेकिन इंग्लैंड का सारा घरेलू सत्र कोरोना के कारण 28 मई तक स्थगित कर दिया गया है। दोनों के बीच आपसी सहमति हुई है कि लियोन इस सत्र में क्लब की तरफसे नहीं खेल पाएंगे।

एक महीने 5000 लोगों को खाना खिलाएंगे सचिन

मुंबई, 10 अप्रैल (वार्ता) क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर कोरोना वायरस से देश में उपजे संकट के बीच एक महीने में 5000 लोगों को खाना खिलाएंगे। एक गैर लाभकारी संगठन अपनालय ने सचिन को उनकी इस पहल के लिए ट्वीट के जरिये धन्यवाद दिया। सचिन ने इससे पहले कोरोना से लड़ने के लिए 50 लाख रुपये की मदद दी थी।

'पीएम किसान' से किसानों को मिले 15531 करोड़

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने कोरोना वायरस के प्रकोप के बाद लॉकडाउन की स्थिति के मद्देनजर किसानों को 15531 करोड़ रुपए की आर्थिक मदद दी है ।

कृषि मंत्रालय के अनुसार किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के अंतर्गत 24 मार्च से लागू लॉकडाउन के दौरान लगभग 7.77 करोड़ कृषक परिवारों को लाभान्वित किया गया है और अभी तक 15,531 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई है। सरकार ने अप्रैल के प्रथम सप्ताह में यह राशि किसानों के बैंक खाते में डालने की घोषणा की थी। इस योजना के तहत किसानों को सालाना छह हजार रुपए की आर्थिक मदद की जाती है। तीन किश्तों में यह राशि किसानों को मिलती है । देश में करीब 14 करोड़ किसान परिवार है।

90 हजार टन गेहूं का होगा निर्यात

सरकार ने इस वर्ष गेहूं की अच्छी पैदावार को देखते हुए 90 हजार टन गेहूं निर्यात करने का निर्णय लिया है।

गेहूं की जरूरत से अधिक पैदावार होने और कई राज्यों में पिछले साल के गेहूं का भंडार बचा होने के कारण इस बार अफगानिस्तान और लेबनान को 90 हजार टन निर्यात किया जाएगा। अफगानिस्तान को 50 हजार टन और लेबनान को 40 हजार टन गेहूं का निर्यात किया जाएगा।

देश में गेहूं की पैदावार जरूरत से अधिक हुई है। दूसरे देशों से प्राप्त विशिष्ट मांगों के आधार पर नैफेड को जी2जी व्यवस्था के अंतर्गत 50 हजार टन गेहूं का निर्यात अफगानिस्तान को तथा 40 हजार टन गेहूं का निर्यात लेबनॉन को करने को कहा गया है। देश में इस बार करीब दस करोड़ टन गेहूं की पैदावार का अनुमान है।

डेली वर्कर्स की मदद कर रही है जैकलीन

मुंबई (वार्ता)। कोरोना से जारी जंग के बीच बॉलीवुड अभिनेत्री और पूर्व मिस श्रीलंका जैकलीन फर्नांडीस डेली वेज वर्कर्स की मदद कर रही है। देश में लागू 21 दिन के लॉकडाउन में रोजाना कमा कर खाने वाले लोगों के सामने रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़ा संकट खड़ा हो गया है। जैकलीन ने डेली वेज वर्कर्स को फंड दिया है। इससे मुंबई की 2500 फैमिलीज को जरूरत का सामान मिलेगा। जैकलिन ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि जो लोग संक्रमित और परेशान हैं, अधिकारी उनकी मदद कर रहे हैं। कई लोग डरे हुए हैं जैसे कि दुनिया खत्म होने वाली है। उन्हें शायद पता नहीं है कि देखभाल करने के लिए स्पेशलिस्ट मौजूद हैं। जैकलिन सोशल मीडिया से लोगों को घरों में रहने के लिए भी कहती रही हैं।

अमेजन इंडिया ने डिलीवरी पार्टनर के लिए अमेजन रिलीफ फंड किया जारी

नई दिल्ली (वार्ता)। अमेजन इंडिया ने खतरनाक कोरोना वायरस 'कोविड-19' से संक्रमित या क्वारंटीन किये गए डिलीवरी पार्टनर के लिये अमेज़न रिलीफ फंड जारी किया है। कोरोना महामारी के खतरे को देखते हुए देश भर में अमेज़न और उसके साझेदार नेटवर्क समुदायों महत्वपूर्ण आपूर्ति सीधे ऐसे लोगों तक पहुचायेंगे जिन्हें आवश्यकता है या फिर जो बुजुर्ग हैं या अधिक कमजोर वर्ग से हैं। अमेजन ने इसके अलावा ग्राहक के ऑर्डर को पूरा करने के लिए अमेज़न इंडिया को सक्षम करने वालों का समर्थन करने के लिए सर्विस पार्टनर प्रोग्राम, अमेज़न फ्लेक्स प्रोग्राम के हिस्से को प्रासंगिक बनाने के लिए 'अमेज़न रिलीफफंड' की व्यवस्था की है और इसके ट्रैकिंग भागीदार वित्तीय कठिनाई के समय में मिडल मील लॉजिस्टिक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। अमेजन ने बताया कि इस फंड का उपयोग उन व्यक्तियों के लिये किया जाएगा जिन्हें कोरोना के कारण क्वारंटीन किया गया है या जो इस वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। अमेज़न रिलीफफंड की स्थापना विश्व स्तर पर 2.5 करोड़ अमेरिकी डालर के शुरुआती योगदान के साथ कर्मचारियों, योग्य स्वतंत्र ठेकेदारों और योग्य विक्रेताओं के कर्मचारियों के लिए की गई है जो वित्तीय कठिनाइयों का सामना करते हैं। यह फंड प्राकृतिक आपदाएं और सरकार द्वारा आपात स्थिति की घोषणा या व्यक्तिगत अप्रत्याशित कठिनाई के उद्देश्य से बनाया गया है। अमेज़न के कस्टमर फुलफिलमेन्ट ऑपरेशंस अखिल सक्सेना ने इस फंड को लेकर कहा, इस अप्रत्याशित समय में, भारत में हमारे सभी सहयोगियों और उनका स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है।

अमिताभ के बाद रणवीर बनेगे शहंशाह!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह शहंशाह के रीमेक में काम करते नजर आ सकते हैं। चर्चा है कि टीनू आनंद फिर से शहंशाह बनाने का विचार कर रहे हैं। पहले इस बात की चर्चा थी कि इस बार भी अमिताभ बच्चन टाइटल रोल निभाएंगे। अब कहा जा रहा है कि 'शहंशाह' में रणवीर सिंह को कास्ट किया जा सकता है। टीनू आनंद ने कहा,÷मैं शहंशाह का रीमेक बनाऊंगा। लेकिन कोरोना वायरस के प्रकोप को पहले खत्म

होने दीजिए। यह अभी चरम पर पर है और इसलिए मैं यह नहीं बता सकता कि मैं रीमेक कब शुरू करूंगा और कब रिलीज करूंगा। स्टोरी में संशोधन होंगे जो आज के जमाने के अनुसार बनाई जाएगी। गौरतलब है कि वर्ष 1988 में प्रदर्शित टीनू आनंद निर्देशित शहंशाह में अमिताभ बच्चन, मीनाक्षी शेषाद्री और अमरीश पुरी ने मुख्य भूमिका निभायी थी। फिल्म की कहानी जया बच्चन ने इंदर राज आनंद के साथ मिलकर लिखी थी। शहंशाह में अमिताभ ने टाइटिल किरदार निभाया था।

घुड़सवारी सीख रहे हैं सलमान

मुंबई (वार्ता)। *बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान लॉकडाउन में घुड़सवारी सीख रहे हैं। कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए देश में 21 दिन का लॉकडाउन चल रहा है और लोग अपने घरों में रहने के लिए मजबूर हैं। सलमान इन दिनों अपने पनवेल स्थित फार्म हाउस में हैं। लॉकडाउन के कारण वो घर नहीं जा पा रहे हैं। काम से मिले इस ब्रेक को वह खूब इंजॉय भी कर रहे हैं। वह कभी पेंटिंग बनाते हैं कभी फल तोड़ते दिखाई देते हैं। सलमान अब घुड़सवारी कर रहे हैं। सलमान खान ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है।इस वीडियो में वो पहले अपने कंधे और सिर पर घांस रखकर घोड़े को बड़े प्यार से खिलाते दिख रहे हैं।*

10,000 से ज्यादा लोगों को किया जा चुका मास्क वितरण

- सुरक्षा के साथ ही हाथों को मिला रोजगार, वन विभाग ने किया सकार*
- सुरक्षा को लेकर वनमंण्डलाधिकारी लोगो को कर रहे जागरूक

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। वर्तमान समय कोरोना जैसी महामारी को लेकर जहां लॉकडाउन की स्थिति बनी हुई है। वही लोगों की सुरक्षा भी बहुत जरूरी है। वन विभाग ने स्व सहायता समूह के लिए एक* *कारगार पहल की है जिससे उन्हें रोजगार भी मिल गया और आम लोगों की सुरक्षा को लेकर मास्क बनाने का कार्य भी मिल गया। दरअसल वन विभाग कवर्धा के द्वारा स्व* *सहायता समूह के माध्यम से मास्क बनाने का कार्य दिया गया है। जिससे इन्हें रोजगार मिल रहा है वही इस सहायता समूह के* *द्वारा सोशल

डिस्टेंसिंग का भी पूरा पालन किया जा रहा है। इसके साथ ही बने हुए मास्क को वनांचल क्षेत्रों में वितरण भी किया जा रहा है। गुरूवार को चिल्फी थाना सहित आसपास के लोगों को भी वन विभाग कवर्धा एसडीओ, भोरमदेव रेंज के अधिकारी श्री डी.के. तथा जनप्रतिनिधि प्रभाती मरकाम ने मास्क का वितरण किया। विभाग की माने तो वर्तमान स्थिति में इन बने हुए मास्क को ज्यादा से* *ज्यादा वितरण करने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे लोग कोरोना जैसी महामारी से बच सके। वही वन मंडल अधिकारी ने प्रत्येक वनांचल क्षेत्रों में भी मास्क को बांटने के निर्देश दिए हैं साथ ही वनांचल के लोगों को इस* *महामारी से बचने कारगार उपाय भी बताए जा रहे हैं जिससे वे सभी सुरक्षित रह सके। वन मंडल अधिकारी दिलराज प्रभाकर के द्वारा* *वनांचल क्षेत्रों में निवास करने वाले वनांचल वासियों को सुरक्षा को लेकर उन्हे उपाय बताते हुए कहा कि अगर आपके ग्राम में कोई भी व्यक्ति बाहर से कमाने खाने के बाद पहुंचता है तो इसकी जानकारी तत्काल ही सरपंच तथा *नजदीकी थाने को उपलब्ध कराएं एंव आए हुए व्यक्ति को किसी अलग स्थान पर दूर से ही बैठा कर रखें जांच उपरांत जो स्वास्थ्य विभाग निर्देश देते हैं।

जंगल क्षेत्र में न जाये, रहें सतर्क, ग्रामीण वनांचल क्षेत्र में करवाया गया मुनादी

महासमुंद । लॉक डॉउन के चलते ग्रामीण इलाके में कोई खास प्रभाव नही पड़ रहा था । सोशल डिस्टेंस का पालन नही किया जा रहा था, और ग्रामीण इलाकों में बसे ग्रामो में कोरोना का इतना ज्यादा ख़ौफ़ नही था। पर लगातार जंगली हाथियों का ग्राम के आसपास विचरण और फ्लों के नुकसान से काफी चिंतित थे। इस बीच बार अभ्यारण्य क्षेत्र में हाथी द्वारा एक ब्यक्ति को कुचलकर मार दिए जाने के बाद दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का अभी कोरोना वायरस के कारण आर्थिक परेशानी झेल रहे है, अभी जंगली वनोपज महुआ, चार, तेंदू और तेंदूपत्ता का संकलन करने ग्रामीण काफी चिंतित हैं, क्योकि इससे एकत्रित करने के लिए जंगल जाना ही पड़ेगा। जंगल मे हाथियों का डेरा, हाथियों का हिसंक होना, बहुत बड़ी समस्या । इस बात से ग्रामीण भयभीत है, कुछ ग्रामीणों का कहना इन हाथियों का इस जंगली क्षेत्र में डटे रहना, हमारे जन जीवन पर बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह है, इस दिशा में वन विभाग से समस्या के निदान के उचित कदम उठाने की अपील करने की बात आ रही है । वन विभाग और ग्राम सरपंच कोटवार ने समस्त ग्रामीणों को निर्देश दिया गया कि सूर्योदय के पहले और सूर्यास्त के बाद घरों से न निकले।

पिलवापाली से 8 लीटर महुआ शराब जप्त

महासमुंद। अविनाश मित्तल अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही के तहत ग्राम पिलवापाली के कौड़िया पारा में 8 लीटर महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. प्राप्त जानकारी के

अनुसार ग्राम पिलवापाली निवासी फागुन लाल यादव पिता तिहारु राम यादव (50 वर्ष) के द्वारा हाथ से बने महुआ शराब का विक्रय किया जा रहा था रेड की कार्रवाई के दौरान आरोपी फागुन लाल यादव के पास से एक जरकिन में 8 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया उक्त आरोपी पर आबकारी अधिनियम के तहत 34(2) की कार्रवाई की गई।

कार्यकर्ताओं के द्वारा करा रहे हैं मास्क व सब्जियों का वितरण

धमतरी। आज पुरे देश में कोरोना वायरस महामारी फैली हुई है। जिससे लाकडाउन होने के कारण बहुत से लोगों को विभिन्न सामग्रियों

की आवश्यकता हो रही है। ऐसे समय में धमतरी विधानसभा की लोकप्रिय विधायक रंजना डीपेंद्र साहू निरंतर अपने क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के सामग्रियों का वितरण, अपने स्थानीय कार्यकर्ताओं के द्वारा जरुरतमंद लोगों को पहुंचाने के साथ साथ कोरोना वायरस से सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी एवं मास्क का वितरण विधायक महोदया के सहयोग से किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में रींवागहन एवं दरगहन में कार्यकर्ताओं के द्वारा मास्क एवं सब्जी वितरण किया गया। वितरण कार्य के दौरान ग्राम रींवागहन में जिला पंचायत सदस्य दमयंतीन केशव साहू, सरपंच कमलेश्वर ध्रुव, उपसरपंच सेवारी बाई, ममता साहू, लीलेश्वरी साहू, चंद्रिका साहू, केशव साहू, दुखुराम, आत्मा राम, गोपाल साहू, ढिगम्बर साहू, एवं ग्राम दरगाहन में भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साहू, गोवर्धन ध्रुव, सुदर्शन साहू, बोहरिक ध्रुव, सरपंच अमरसिंह मानिकपुरी, चोखा देशमुख, दुलारु देशमुख, गुल्लु मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। सभी ने विधायक महोदया के कार्यो की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किये।

3 दिनों से बिजली गुल पानी के लिए मचा हाहाकार

देवभोग । लॉक डाउन के बीच पिछ्ले 3 दिनों से बिजली गुल रहने के चलते निजी बोर बंद होने के कारण देवभोग सहित आसपास गांव में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है! क्योंकि लोग अब शतप्रतिशत शासकीय नलकूप पर निर्भर है ! ऐसे में पानी की विराट समस्या को देखते हुए एक एक सर्वजनिक नलकूप पर महिलाओं की काफी भीड़ देखने को मिलता है महिलाओं को घंटों इंतजार के बाद कहीं जाकर एक गुंडी पानी मिल पाता है! क्योंकि सार्वजनिक नलकूप से कुछ लोग अवैध कनेक्शन लेकर स्वयं के घर के लिए कार्य कर रहे हैं! जिसकी वजह से घंटों पानी लेट निकलता है ! और इस झंझट से बचने के लिए अधिकांश महिलाएं

1 किलोमीटर दूर पैदल सफर तेल नदी से खाना पकाने लायक पानी लाना मजबूरी हो गया है ! और निस्तारि के लिए तालाब नदी नाला पर निर्भर है ! जबकि अवैध कनेक्शन को लेकर कुछ लोग अपना पानी की समस्या को दूर कर ले रहे हैं! लेकिन इससे पानी के लिए हो रहा हंगामा की ओर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हो पा रहा है! जबकि पीएचई के अधिकारी अवैध कनेक्शन लेने को लेकर अच्छी तरह अवगत है ! लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि जल संकट को मद्देनजर रखते हुए भी कोई कार्यवाही नहीं हो पा रहा है! बिजली की आंख में मिचोली के चलते तो और भी पानी की महामारी देखने की संभावना बताई जाती है! क्योंकि सार्वजनिक नलकूपों को अधिकांश अधिग्रहण कर अवैध कनेक्शन लिया जा रहा है उससे नलकूप का वाटर लेवल गिरने की भी आशंका बनी होती है सबसे ज्यादा राजापारा,नायकपारा मैं सार्वजनिक नलकूप को अधिग्रहण कर अवैध कनेक्शन लिया जा रहा है! इससे बाकी लोगों को पानी लेने के लिए काफी जद्दोजहद उठाना पड़ता है! इसके अलावा खोकसरा में भी अवैध कनेक्शन लेने की शिकायत पीएचई विभाग के कार्यालय मैं पखवाड़े दिन पहले किया गया रहा लेकिन अवैध कनेक्शन के जरिए पानी लेने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही देखने को नहीं मिल रहा है ! और ना ही अवैध कनेक्शन को रोका जा रहा है! यही प्रमुख कारण माना जाता है पानी की समस्या के लिए और मजबूरी में लोगों को निस्तारित के लिए नदी नालों का आसरा लेना पड़ता है! सबसे खास बात तो यह है! कि पंचायतों में लगाए गए सोलर का भी यही हाल है मुख्यालय पर ही दिन दहाड़े सौलर से अवैध कनेक्शन लेते हुए देखा जाता है और घंटो घंटो तक पानी सप्लाई किया जाता है?

ट्रक चालकों के खिलाफ कार्रवाई

महासमुंद। पुलिस ने बिरकोनी स्थित भरत ट्रेडर्स के पास आंध्रप्रदेश के 8 लोगों को धारा 144 का उल्लंघन करते पाए जाने पर कार्रवाई की। गश्त के दौरान पुलिस ने बिरकोनी के पास ट्रक क्रमांक एपी 39 टीए 7666 के चालक कोरापुट आंध्रप्रदेश निवासी सीएच राम (35), हेल्पर, विजयनगर एपी निवासी एन नागरस (35), ट्रक क्रमांक एपी 35 टीबी 5466 के चालक बी अचोतरा राव (28), हेल्पर मीराना बाबाजी (20), ट्रक क्रमांक एपी 39 यू 5666 के चालक वेंकर रम (30), हेतल्पर चिंताड सुर्मनारायण (28), एपी 35 टीबी 5166 के चालक टी चिरंजीवा (22), हेल्पर अप्ला नायडू (30) को बिना मास्क लगाए और सामाजिक दूरी का पालन नहीं करते पाए जाने पर धारा 188/34 के तहत अपराध दर्ज किया। इन्होने बताया कि बिरकोनी भरत ट्रेडर्स में फ्लोर स्पार पावडर भरकर पहुंचे थे।

प्रभारी मंत्री लखमा ने स्लम बस्तियों में जाकर बांटे राशन व सब्जी पैकेट

धमतरी। कोरोना वायरस कोविद-19 के प्रभाव की जिले में रोकथाम तथा प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों का जायजा लेने प्रदेश के वाणिज्यिक कर, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा ने आज धमतरी नगर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया, साथ ही निर्धन परिवारों के जरूरतमंद नागरिकों को राशन एवं सब्जियों के पैकेट निःशुल्क वितरित किए। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने किसान बाजार, गुजराती कॉलोनी, स्टेशनपारा में जाकर राशन व सब्जीयुक्त पैकेट बांटे, साथ ही लॉकडाउन के दौरान लोगों से घरों में ही रहने व शासन के निर्देशों का पालन करने की अपील भी की। इसके अलावा जिला अस्पताल, सामुदायिक भवन में बनाए गए राशन संग्रहण एवं वितरण केन्द्र तथा ग्राम पथर्रीडीह (कुकरेल, नगरी ब्लॉक) में बनाए गए क्वॉरंटाइन सेंटर का भी निरीक्षण किया।

केबिनेट मंत्री श्री लखमा आज दोपहर 12 बजे सबसे पहले बस स्टैण्ड के समीप स्थित किसान बाजार पहुंचे, जहां पर निगम के कर्मचारियों द्वारा डाले जा रहे सोडियम हाइपोक्लोराइट नामक लिक्विड के छिड़काव को देखा, साथ ही उन्होंने स्वयं छिड़काव भी किया। फायर ब्रिगेड के छोटे वाहन से किए जा रहे दवा छिड़काव का भी उन्होंने अवलोकन किया तथा निगम प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था के प्रति संतुष्टि जाहिर की। तदुपरांत वे राशन एवं वितरण रथ पर सवार होकर रायपुर रोड स्थित गुजराती कॉलोनी पहुंचे, जहां पर नागरिक श्री ललित माणिक, कमलेश सोनी, नीलेश पटेल को दैनिक उपयोग की आवश्यक किराना सामग्री तथा श्री लोचन साह, रूपू राठी और गौरस साह को सब्जी पैकेट बांटे जिसमें टमाटर, भिण्डी, बैंगन, लौकी, मिर्च सहित हरी सब्जियां थीं। इसके बाद रेलवे स्टेशन से सिहावा चैक स्टेशनपारा में जाकर 10 निर्धन परिवारों व दिव्यांगों को राशन और सब्जी के पैकेट वितरित किए।

श्रमिक पंजीयन कार्ड के बिना नहीं बनेंगे नये राशनकार्ड : राजेश श्यामकर

राजनांदगांव। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 के जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार कोरोना महामारी से पैदा हुए आपातकाल के दौरान भी छत्तीसगढ़ की भोली-भाली जनता को ठगने से बाज नहीं आ रही है। ऐसे संकट काल में गरीबी और गरीबों का मजाक उड़ा रही है, जिसका प्रमाण है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा जो उन्होंने प्रदेश की गरीब जनता के लिए की है कि दो माह का राशन मुफ्त दिया जाएगा। दूसरा मजाक नये राशन कार्ड के लिए श्रमिक पंजीयन कार्ड की

अनिवार्यता, जबकि मुख्यमंत्री सहित कांग्रेस के सारे नेता व प्रदेश की जनता भी जानती है कि लगभग दो साल से श्रमिक पंजीयन कार्ड बनना बंद हो चुके हैं, उसके बावजूद श्रमिक पंजीयन कार्ड की अनिवार्यता गरीबों के साथ भद्दा मजाक है। उन्होंने 2 करोड़ 44 लाख गरीब मजदूर परिवारों को राहत पहुंचाने 58 लाख राशनकार्ड के माध्यम से दो माह का राशन निःशुल्क देने का निर्णय तो ले लिया, पर इसकी पहली हकीकत यह है कि दो माह का राशन नहीं बल्कि दो माह का चावल मात्र ही निःशुल्क दिया जा रहा है।

डीईओ ने तीन विकासखंडों में दिया प्रशिक्षण

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से आम नागरिकों में इसके बचाव एवं सुरक्षा हेतु जनजागरूकता लाने के लिए प्रत्येक विद्यालय एवं महाविद्यालय में संचालित स्काउट गाईड, रेडक्रास, एनएसएस, एनसीसी की सेवाएं लेने कहा है। जिला शिक्षा अधिकारी एचआर सोम द्वारा विकासखंड मानपुर, मोहला एवं अम्बागढ़ चौकी के संस्था प्रमुख एवं स्काउट गाईड, रेडक्रास, एनएसएस, एनसीसी प्रभारियों की बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। विकासखंड मानपुर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानपुर में, विकासखंड मोहला में बीआरसी भवन मोहला में तथा विकासखंड अम्बागढ़ चौकी में दो पालियों में बीआरसी भवन अम्बागढ़ चौकी में संस्था प्रमुख एवं स्काउट गाईड, रेडक्रास, एनएसएस, एनसीसी प्रभारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

शहीदों के परिजनों से एसपी ने की मुलाकात, सुरक्षा का जायजा लिया

बिरकोनी। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने नक्सली घटनाओं में शहीद हुए 19 पुलिस जवानों के निवास जाकर उनके परिजनों से सौजन्य भेंट कर शहादत को नमन करते हुए सर्वोच्च बलिदान का स्मरण किया। सौजन्य भेंट के दौरान शहीद की पत्नी, बच्चों एवं माता-पिता का हाल-चाल जाना। एसपी ठाकुर ने बच्चों से बात करते हुए शिक्षा एवं स्कूल की जानकारी ली। शहीद जवानों के वृद्ध माता-पिता के स्वास्थ्य का हालचाल लिया गया। पश्चात सम्बंधित थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि सतत सम्पर्क बनाए रखते हुए इन पुलिस परिवार का कुशलक्षेम प्राप्त करते रहें और समस्या के समाधान के लिए हर सम्भव प्रयास करें। ग्राम बिरकोनी में शहीद परिजनों से भेंट की। शहीद घनश्याम कन्नौजे के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की और शहीद परिवार को शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया। साथ ही मास्क व सैनिटाइज भी भेंट की। शहीद प्रतिमा स्थल की साफ सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण को गांव में स्वच्छता बनाए रखने तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेम्भूरकर, उप पुलिस अधीक्षक प्रभात पटेल, रक्षित निरीक्षक नीतीश आर नायर व पुलिस स्टाफभी साथ मौजूद थे।

रेड कार्यवाही में मिले महुआ पास व अवैध शराब भट्ठी को किया गया नष्ट

धमतरी। कोरोना वायरस जहां एक वैश्विक महामारी के रूप में अपने पैर पसार रहा है, वहीं कुछ असामाजिक तत्व के लोग अवैधानिक कृत्यों से बाज नहीं आ रहे हैं, ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक महोदय श्री बी.पी. राजभानु के द्वारा वैधानिक कार्यवाही हेतु थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिस पर थाना मगरलोड क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग जंगलो में अवैध रूप से महुआ शराब निर्माण हेतु भट्ठी लगाए जाने एवं संसाधन एकत्रित करने की सूचना मिलने पर उक्त सूचना की तस्दीकी एवं वैधानिक कार्यवाही हेतु अतिरिक्त पुलिस

अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री रश्मिकांत मिश्र के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मगरलोड उपनिरीक्षक सुभाष लाल के द्वारा पृथक-पृथक टीम बनाकर वैधानिक कार्यवाही हेतु रवाना किया गया । थाना मगरलोड पुलिस टीम के द्वारा अलग-अलग स्थानों में जंगल बीच जाकर रेड कार्यवाही करने पर ग्राम तेंदूभाठा से करीब 3 किलोमीटर अंदर जंगल करकरा नाला के पास 5 क्विंटल महुआ पास, ग्राम मडेली से 2 किलोमीटर दूर जंगल अंदर 50 किलो महुआ पास, ग्राम बिरझुली से 3 किलोमीटर अंदर जंगल में नाला के पास 5 क्विंटल महुआ पास व अवैध शराब भट्ठी, ग्राम बोथलबाहरा के जंगल में 10 क्विंटल महुआ पास कुल 20 क्विंटल 50 किलो महुआ पास एवं अवैध महुआ शराब निर्माण हेतु लगाए गए भट्ठी को नष्ट कर मौके पर मिले सामान को जप्त किया गया है।

सोशल डिस्टेंस का पालन कराने में लगी भारतीय रेडक्रास सोसायटी

महासमुंद। बस स्टैंड स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया के मेन ब्रांच, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक की शाखाएं हैं, इन शाखाओं में अत्यधिक भीड़ होने के कारण सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं हो रहा था। इस स्थिति को देखते हुए रेडक्रास के जिला संगठक अशोक गिरि गोस्वामी, वालिंटियर प्रकाश दास मानिकपुरी, दीपेन्द्र कुमार भोई, प्रमोद कुमार कन्नौजे ने बैंकों में लगी भीड़ को शाखा प्रबंधक के सहयोग से नियंत्रित करने का प्रयास किया। भीड़ अधिक होने के कारण स्थिति को देखते हुए रेडक्रास की टीम ने नायब तहसीलदार देवेन्द्र नेताम को कॉल कर पुलिस सहायता की मांग की। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए यातायात प्रभारी दीपा केंवट पुलिस बल के साथ पहुंचकर बैंकों में लगी भीड़ को नियंत्रित किया। पुलिस बल को रेडक्रास के वालिंटियर ने सहयोग प्रदान करते हुए सामाजिक दूरी बनाए रखने में सहयोग किया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सीएम ने छग में कुछ...

संकट से अपने प्रदेश को उबारा जा सके। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, सचिव स्वास्थ्य निहारिका बारिक सिंह, खाद्य सचिव कमलप्रीत सिंह उपस्थित थे।

स्थिति तुलनात्मक रूप से बेहतर

मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य देश के सर्वप्रथम राज्यों में शामिल है, जहां 21 मार्च 2020 को लॉकडाउन लागू किया गया। सोशल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन होने और पूर्ण लॉक डाउन के कारण यहां कोविड-19 के संक्रमण की स्थिति तुलनात्मक रूप से बेहतर है। राज्य में कोरोना संक्रमण के कुल 18 व्यक्ति संक्रमित पाए गए हैं। इनमें अब तक 10 स्वस्थ्य हो चुके हैं। शेष 8 मरीजों की हालत सामान्य है।

कम लिए जा रहे सैंपलः

प्रदेश में अब तक 3,473 सैंम्पल लिए गए हैं। प्रतिदिन औसत 133 सेम्पल लिए जा रहे हैं। जो अत्यंत कम हैं। कम परीक्षण होने के कारण यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि वास्तव में कोविड-19 वायरस की स्थिति नियंत्रण में है अथवा नहीं। प्रतिदिन 3 से 5 हजार सैम्पल लेने की आवश्यकता है। इस संबंध में पूर्व में भी अनुरोध किया गया है।

दो माह का राशन दिया निःशुल्क

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में 56 लाख परिवारों में से 47 लाख गरीब परिवारों को दो माह का एक मुश्त राशन निःशुल्क दिया गया है इसके अलावा, शक्कर, नमक का वितरण किया गया है।

वनोपज की खरीदी-बिक्री बंद

उन्होंने बताया कि राज्य में बाजार बंद है जिससे वनोपज की खरीदी-बिक्री नहीं हो पा रही है। अनुसूचित क्षेत्रों में लघुवनोपज महुआ, इमली के संग्रहण और खरीदी का कार्य वन समितियों के माध्यम से चल रहा है। इस प्रकार की गतिविधियों के संचालन के लिए राज्यों को अनुमति मिलनी चाहिए।

छग में अब लैब...

को मंजूरी देने के लिए अधिकृत कर दिया है। आईसीएमआर के निर्देशों के अनुसार इन मेडिकल कॉलेजों के संसाधनों को परखने के लिए एक कोर टीम गठित की जाएगी जो लैब के लिए आवश्यक उपकरणों, सुरक्षा मानकों और संसाधनों को परखेगी। संतुष्ट होने पर इसकी अनुशंसा पर एम्स के निदेशक लैब को कोविड टेस्ट के लिए मंजूरी दे सकते हैं।

आईसीएमआर की चेक लिस्ट...

उन्होंने नवप्रदेश को बताया कि आईसीएमआर द्वारा लैब अप्रूवल को लेकर एक चेक लिस्ट दी है। चेक लिस्ट पूरी करने पर संबंधित संस्थानों को टेस्टिंग की मंजूरी दी जाएगी। इसके लिए एम्स रायपुर की टीम की ओर से प्रत्यक्ष या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित संस्थानों का इंस्पेक्शन किया जाएगा। इसके लिए आईसीएमआर से विचार विमर्श भी किया जाएगा।

जान भी, जहान भी...

के साथ बैठक की अगुआई की। श्री मोदी कई राष्ट्राध्यक्षों के साथ कोरोना वायरस से निपटने को लेकर चर्चा कर चुके हैं। इनमें अमेरिका,जापान,ब्राजील और कई अन्य देशों के राष्ट्र प्रमुख शामिल हैं।

मोदी का लॉकडाउन...

इसे और आगे बढ़ाया जाय। गौरलब है कि श्री मोदी ने गत 24 मार्च को 21 दिनों का देशव्यापी लॉकडाउन की घोषणा की थी जिसकी अवधि 14 अवधि 14 अप्रैल को समाप्त होने वाली है। इससे पहले श्री मोदी के लॉकडाउन की अवधि बढ़ाने का एलान करने की संभावना है।

कोरोना जांच फीस...

प्रयोगशालाओं को दी जाये। यह राशि 4500 रुपये निर्धारित की गयी थी। याचिकाकर्ता ने अपनी हस्तक्षेप याचिका में कहा है कि यदि शीर्ष अदालत अपने अंतरिम आदेश में संशोधन नहीं करती है तो इसका असर कोरोना महामारी की जांच पर पड़ेगा। वैसे भी देश में कोरोना वायरस संक्रमण की जांच की रफ्तार संतोषजनक नहीं है और निजी प्रयोगशालाओं/अस्पतालों के आनाकानी करने पर स्थिति और खराब होगी। याचिकाकर्ता की ओर से सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्रार के समक्ष मामले की त्वरित सुनवाई के लिए विशेष उल्लेख (मेंशनिंग) भी किया गया है।

सहयोग के लिए दानदाता स्वस्फूर्त होकर कर रहे हैं दान

महासमुंद। कोरोना की रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन ने दैनिक रोजी-मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले परिवारों, निःशक्तजनों, आश्रयहीन लोगों के समक्ष भोजन और राशन की समस्या खड़ी कर दी है। ऐसे लोगों को भोजन की दिक्कत नहीं हो इसके लिए कलेक्टर सुनील कुमार जैन के निर्देशन पर जिला प्रशासन ने ÷डोनेशन ऑन व्हील्स÷ अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान में जरूरतमंदों के घर तक राशन पहुंचाया जाएगा । इस कार्य में अनेक समाजसेवी संस्थाएं,नागरिक और संगठन बढ़ चढ़कर हाथ बंटा रही हैं। मानवता से भरे इस अभियान की लोगों की ओर से अच्छा सहयोग मिल रहा है। स्वस्फूर्त ढंग से सामाजिक संस्थाएं इस कार्य में आगे आ रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा घर-घर लोगों से सूखा राशन एकत्र भी किया जा रहा है। इस कार्य में नागरिक अपनी-अपनी सहभागिता निभा रही हैं। जिला प्रशासन ने जरूरतमंदों की सहायता के इच्छुक दानदाताओं से राशन सामग्री के पैकेट एकत्र कर उन्हें जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने की व्यवस्था की है। दानदाताओं से राशन सामग्री के पैकेट एकत्र करने के लिए सभी तहसीलों में वाहन की व्यवस्था की गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

अनावश्यक घूमने पर होगा 10 हजार जुर्माना

डोंगरगढ़ । छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमणों की संख्या बढ़ने के बाद जिला प्रशासन और शख्त हो गया है । जिला प्रशासन के दिशा निर्देश पर स्थानीय प्रशासन ने भी शख्ती दिखाते हुए कल शहर में अनाउंस किया गया कि लॉक डाउन के दौरान दोपहर 12 बजे बाद शहर के सड़कों पर अनावश्यक घूमने वालो पर दस हजार रूपये का जुर्माना होगा, साथ ही उनके विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज की जायेगी । कटघोरा में सात कोरोना संक्रमितों के मिलने के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है ।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर ने जिला प्रशासन को दिया सेफ्टी किट व मास्क

लवन। परोपकार फाउंडेशन के संरक्षक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के द्वारा बलौदाबाजार जिला प्रशासन को कोरोनो महामारी से

लड़ने में सहायता के लिए और क्षेत्र वासियों के लिए दिन रात काम कर रहे कोरोना वायरस के सुरक्षा के लिए सेफ्टी किट एवं मास्क प्रदान किया गया। गौरीशंकर अग्रवाल द्वारा उपयोगी 120 सेफ्टी किट जिला प्रशासन को दिया गया इसके साथ ही इस संक्रमण से दिन-रात लड़ रहे स्वास्थ्य विभाग पुलिस विभाग सफाई कर्मी व अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए तीन सौ मास्क प्रदान किया गया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने बताया कि कोरोना के इस वैश्विक संकट में परोपकार फाउंडेशन मानवता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर हैं और हर संभव मदद शासन-प्रशासन तथा जनता तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं और आगे भी करती रहेगी। कोरोना संक्रमण से लड़ रहे चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा को देखते हुवे हमने फाउंडेशन के माध्यम से प्रयास करते हुए जिला प्रशासन को 120 सेफ्टी की 300 मास्क दिया है।

खेलते वक्त दो युवक टकराये, एक युवक की मौत

धमतरी। भखारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिलौटी में एक बड़ा हादसा हुआ है। लॉक डाउन के बीच क्रिकेट खेलते समय हादसा होने से एक युवक की मौत हो गई

।बताया गया कि ग्राम सिलौटी में शुक्रवार की दोपहर कुछ युवक क्रिकेट खेल रहे थे इसी बीच बल्लेबाज ने जब बाल मारा तो उसे कैच लेने के लिए दुष्यंत और एक अन्य खिलाड़ी दौड़ पड़े। बाल की तरफदेखते हुए आपस में टकरा गए ।टक्कर इतनी तेज थी कि दुष्यंत गंभीर रूप से घायल हो गया। तुरंत 108 एंबुलेंस को खबर की गई। एंबुलेंस से धमतरी जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया ।बताया गया कि मृतक दुष्यंत विश्वकर्मा पिता थानु राम उम्र 22 वर्ष आइडिया कॉल सेंटर रायपुर में काम करता था ।शाम होने की वजह से पोस्टमार्टम नहीं हो पाया शनिवार को पोस्टमार्टम होगा। एक बड़ा सवाल है कि धारा 144 और लॉक डाउन के बीच क्यों युवक क्रिकेट खेल रहे थे। यदि नियमों का सख्ती से पालन करते तो शायद यह हादसा न हो पाता।

जनता की सुविधा के लिए लगा बाजार पर सोशल डिस्टेंसिंग की उड़ रही धज्जियां,

धमतरी। नगरी में लॉक डाउन के पालन के लिए प्रशासन को पूरी मशक्कत करनी पड़ रही है फिर भी लोग नियम कानून ताक में रख कर सोशल डिस्टेंस की धज्जियां उड़ा रहे हैं।11 अप्रैल को हाई स्कूल मैदान में साप्ताहिक बाजार लगा जिसमे प्रशासन के लाख समझाईस के बाद भी लोग खरीदी करने उमड़ पड़े और सोशल डिस्टेंस की धज्जियां उड़ाते रहे।एसडीएम नगरी ,एसडीओपी नगरी,सीएमओ नगर पंचायत नगरी की समझाईस भी काम आती नही दिख रही थी,जिससे संक्रमण होने का खतरा नजर आने लगा।प्रबुद्ध नगरवासी चिंतित नजर आ रहे हैं किंतु लोग है कि समझने का नाम ही नही ले रहे।

आइसोलेशन के लिए अधिगृहीत होटल में जुआ, मैनेजर समेत 8 के खिलाफ कार्रवाई

महासमुंद। आइसोलेशन के लिए प्रशासन द्वारा अधिगृहीत किए गए होटल में जुआ खेलते लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सरायपाली के कृष्णा पैलेस में गुरुवार देर शाम पुलिस ने दबिश दी तो वहां के एक कमरे में सात लोग निकलते पाए गए। सीसी टीवी में नजर आने के बाद पुलिस ने कमरे की तलाशी ली तो वहां ताश की गड्डीयां मिली जिसके बाद पुलिस ने होटल कृष्णा पैलेस के मैनेजर समेत 8 लोगों के खिलाफ धारा 144 का उल्लंघन करते पाए जाने पर कार्रवाई की। ओड़िशा राज्य से जुड़े होने के कारण एसडीएम ने पांच स्थानों को आइसोलेशन वार्ड के लिए अधिगृहीत किया है। इनमें 9 अप्रैल को कृष्णा पैलेस के 14 कमरों को अधिगृहीत किया गया। इसी दिन शाम को पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग लॉकडाउन को उल्लंघन कर पैलेस में जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने पैलेस के कमरा नंबर 202 में दबिश दी जहां ताश के पत्ते बिखरे मिले। लेकिन, कोई भी व्यक्ति नहीं मिला। सीसीटीव्ही कैमरे की फुटेज जांच करने पर शाम 6.20 बजे 7 लोग कमरा नंबर 202 से निकलते पाए गए।

अधिकारियों के अदूरदर्शी फैसले को जनप्रतिनिधियों बताया दूर्भाग्यजनक

मैनपुर। गरियाबंद जिला प्रशासन मे आज एक बड़ी उथल पुथल देखने को मिल रही है कुछ अधिकारी खुद को बेहतर साबित करने के लिए दुसरे अधिकारियों को किनारे लगाने में भी कोई कोर कसर नही छोड रहे है, ऐसा ही एक मामला मैनपुर विकासखंड में वर्चस्व के लड़ाई देखने को मिला रहा है जिससे जनप्रतिनिधियों में नाराजगी देखने मिल रहा है। तहसील मैनपुर में जहां अकारण ही वर्तमान परिस्थिति में लॉ एण्ड आर्डर इस कोरोना महामारी को देखते हुए भारत सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ लागू किया जाना आदेशित किया गया है

इसके बाद भी तहसील मैनपुर में ऐसे जिम्मेदारी भरा दायित्व का निर्वाहन करने वाले अधिकारी को जिला कलेक्टर गरियाबंद के 7 अप्रैल को किये गये आदेश में कतिपय आरोप लगाते हुए कि संबंधित अधिकारी रजनी भगत तहसीलदार मैनपुर द्वारा प्रशासनिक एंव कार्यपालिक मजिस्ट्रेट जैसे जिम्मेदार पद के साथ न्याय नही किए जाने के कारण जिला निर्वाचन कार्यालय (सामान्य) गरियाबंद में सलंग्न करते हुए तहसीदार मैनपुर का वित्तीय प्रभार अनुविभागीय अधिकारी (रा) मैनपुर तथा प्रशासनिक प्रभार कृष्णमुर्ति दीवान, नायब तहसीलदार मैनपुर (अमलीपदर) को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश पर्यन्त तक सौंपने का आदेश दिया गया है। विदित हो कि तहसील मैनपुर का क्षेत्र लगभग 80 से 100 किमी तक आता है एवं 74 ग्राम पंचायत आश्रित है इतने बड़े तहसील और बीहड़ जंगल क्षेत्र मे बसाहट होने के कारण क्षेत्र के जनता की समस्या एवं बहुप्रतिक्षित मांग को देखते हुए राज्य की संवेदनशील सरकार ने जनता के मांग अनुरूप मैनपुर को तहसील के साथ इंदागांव परिक्षेत्र को उप तहसील का दर्जा देकर वहां नायब तहसीलदार नियुक्त किया गया है जिससे राजस्व एवं अन्य प्रशासनीक सुचारू रूप से संचालित हो सके।

> बिना कोई ठोस कारण के किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के कर्तव्य पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते आरोप लगाना गलत है तहसीलदार मुख्यालय मे रहकर निरंतर अच्छा कार्य कर रही थी जबकि यहां के शीर्ष अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति अंकिता सोम मैनपुर मुख्यालय में कभी नही रहती एवं जिला मुख्यालय गरियाबंद से आना जाना करते हुए शासन के निर्देशो की धज्जियां उड़ा रही है जबकि कार्यवाही मुख्यालय मे निवास नही करने वाले अधिकारियों पर होनी चाहिए।
>
> **डमरूधर पुजारी,** विधायक बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र

> एक सरल और अच्छी कार्यकुशलता की धनी तहसीलदार को लॉकडाउन के बीच अचानक हटाना कई संदेहों को जन्म देता है कलेक्टर की उपस्थिति में भी यह आदेश डिप्टी कलेक्टर के हस्ताक्षर से जारी किया जाना अपनों को उपकृत किए जाने का प्रयास प्रतीत होता है।
>
> **संजय नेताम,** जिला पंचायत उपाध्यक्ष

> जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करने वालों का इस प्रकार प्रशासनिक व कार्यपालिक दण्डाधिकारी के पद के साथ न्याय नहीं किए जाने का हवाला देकर मुख्यालय संलग्न करना जनभावनाओं पर कुठाराघात है इस आपातकालीन स्थिति मे इस प्रकार का फेरबदल समझ से परे है।
>
> **बलदेव राज ठाकुर,** सरपंच संघ अध्यक्ष मैनपुर

गैस सिलेण्डर की होम डिलीवरी के नाम पर ज्यादा वसूली, 56 सिलेण्डर जब्त

भाटापारा। कोरोना वायरस के चलते घरेलू गैस सिलेंडर को घर घर पहुचाने के एवज में उपभोक्ताओं से ज्यादा पैसा वसलने की शिकायत के बाद कलेक्टर के निर्देश पर खादय अधिकारीयो की टीम ने बलौदा बाजार भाटापारा मार्ग पर बजरंग एचपी गैस कम्पनी द्वारा सिलेण्डर की होम डिलीवरी की आपूर्ति में ज्यादा कीमत वसूलने पर कार्रवाई की है।

बताया जाता है की खाद्य विभाग की टीम ने खम्हरिया गांव के नज़दीक होम डिलीवरी वाहन की आकस्मिक जांच की। निरीक्षण में होम डिलीवरी

के नाम पर ज्यादा दाम पर गैस सिलेंडर बेचे जाने की पुष्टि हुई। एजेंसी की डिलीवरी वाहन सहित 56 गैस सिलेण्डर जब्त कर ली गई है। गौरतलब है कि लॉक डाउन के दौरान कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर गैस सिलेण्डर की केवल होम डिलीवरी सेवा चल रही है। उन्होंने निर्धारित से अधिक दर पर बेचने वालों को कड़ी चेतावनी दी है। खाद्य विभाग को सूचना-शिकायत मिलने पर तत्काल जांच कर कार्रवाई कर उपभोक्ताओं को राहत पहुँचाने के निर्देश दिये थे कलेक्टर की निर्देश पर

जिले के खाद्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को जिले में होम डिलीवरी की व्यवस्था का जायजा लिया। सहायक खाद्य अधिकारी श्री अनिल जोशी के नेतृत्व में खाद्य निरीक्षक श्री संजय ठाकुर और खाद्य निरीक्षक श्री अमित शुक्ला के द्वारा बलौदाबाजार से भाटापारा मार्ग पर ग्राम खम्हरिया के पास एलपीजी सिलेंडर की होम डिलीवरी करने वाले श्री बजरंग एचपी गैस एजेंसी भाटापारा के वाहन की जांच की गई।

करोना महासंकट मे गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्ट फुलकर्रा 21 हजार भेजे मुख्यमंत्री सहायता कोष में

गरियाबंद। कोरोना संकट के दौरान जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत फुलकर्रा मे स्थित गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्ट फुलकर्रा पंजीयन क्रमांक 1198 भी जरूरमंद लोगो की सहायता के लिए सामने आई है। ट्रस्ट ने स्वैच्छिक रुप से सहायता स्वरूप मुख्यमंत्री सहायता कोष में 21 हजार रूपए दान किए हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत फुलकर्रा मे स्थापित अनाज बैंक मे एक क्विंटल चावल का दान करने के साथ ही ग्रामीणों एवं पंचायत पदाधिकारियों को मुफ्त में 150 नग मास्क का वितरण किया गया। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्ट पंजीयन क्रमांक 11 के प्रमुख ट्रस्टी निरंजन साहू, सचिव नूतन श्रीवास, ट्रस्ट सलाहकार भेषूराम देवांगन सहित समस्त ग्रामवासियों द्वारा इस महामारी से निपटने हेतु लाकडाउन का पालन करने का संकल्प लिया है।

आदर्श पोहा समिति ने अब तक 1200 लोगों को कराया भोजन

कवर्धा(शहर के आदर्श पोहा समिति...खैर नाम तो छोटा है लेकिन इनके नाम अब काफी बड़े हो चले है लॉकडाउन के दौरान इनके कार्य की सराहना पूरे शहर में की जा रही है इनकी टीम द्वारा किये जा रहे कार्य अनुकरणीय के साथ-साथ प्रशंसनीय है अपने कार्य को ही आदर्श मानकर आगे बढ़ने वाले आदर्श पोहा समिति सरस्वती शिशु मंदिर सुधा देवी ट्रस्ट द्वारा निर्मित भवन में ठहरे प्रवासी लोगों की दोनो टाईम का भोजन का व्यवस्था कर रहे है।

अब तक टीम के द्वारा 1200 से अधिक पैकेट भोजन पहुंचाया जा चुका है। समिति के सदस्यों ने बताया कि कोरोना वायरस को देखते हुए सरकार द्वारा समय रहते पूरे प्रदेश को लॉक डाउन कर एक जिले से दूसरे जिले व अन्य राज्यों में लोगों की आवाजाही के साधनों को बंद किये जाने के बाद जो लोग जहां है वहीं पर अपना ठिकाना बना लिये है। ऐसे में कबीरधाम जिले के लोगों को भी राशन, खाना-पीना के लिए इधर उधर परेशान न होना पडे इसके लिए जिला प्रशासन के माध्यम से सुधा देवी ट्रस्ट द्वारा निर्मित स्कूल में राहत एवं बचाव शिविर अंतर्गत प्रवासी लोगों को रखा गया है। हमारे आदर्श समिति को जैसे इस बात की पता चला कि वहां के लोगो को भोजन कराया जाना है तो हमने अपने कार्य को आदर्श मानते हुए अपने कार्य में जुट गये।

बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा से प्रेरित होकर समाजिक संस्थायें भी बढ़ा रही है अपना हाथ

बेमेतरा/साजा। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा द्वारा कोविड-19 कोरोना वायरस के विरुद्ध छेड़े गए अभियान में विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा की सामाजिक संस्थाये भी बेमेतरा विधायक का हाथ मजबूत करने में लगी हुई है। अन्य समाजो की तरह बेमेतरा पूज्य सिंधी पँचायत के प्रतिनिधियों ने भी विधायक आशीष छाबड़ा से मिलकर

कलेक्टर बेमेतरा शिव अनंत तयाल को सहयोग राशि 1 लाख, 11 हजार 1 सौ रुपये का चेक सौपा।

बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के माध्यम से सहयोग राशि सौपने में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शशिप्रभा गायकवाड़ भी अपने क्षेत्र क्र 04 से जनपद सदस्यों, सरपंचों तथा पंचों के साथ कलेक्टर बेमेतरा श्री तयाल को बेमेतरा विधायक श्री छाबड़ा की उपस्तिथी में 90 हजार पांच सौ का चेक सौपा।

टोनाटार में पंचायत प्रतिनिधियों ने की सार्वजनिक जगहों की साफ-सफाई

अर्जुनी। जनपद पंचायत भाटापारा क्षेत्र अंतर्गत शहीद वीर धनंजय वर्मा के गृह गांव टोनाटार में पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने लोगों को बेवजह घर से बाहर नहीं निकलने सोशल डिस्टेंस का पालन करने कोरोना की जंग से जीतने के लिए ग्रामीणों को जागरुक कर रहे हैं साथ साथ सार्वजनिक जगहों की साफसफाई किया जा रहा है।

लॉकडाउन में अब प्रशासन पहले से अधिक सतर्क और सख्त

■ **अनावश्यक घर से निकलने पर होगी कार्यवाही, दुकानों के भी समय सीमा की बदली**

गरियाबंद। लाकडाउन के दौरान अब प्रशासन पहले से अधिक सतर्क और कड़ाई हो गया है। बाहरी लोगो को आवाजाही रोकने चेक पोस्ट पर अधिकारियो की ड्यूटी लगाई हैं इसके अलावा सभी ब्लाक मुख्यालयो में सीमा क्षेत्रे के अलावा अब शहर के अंदर से गुजरने वाले सभी मार्गो और चैक चैराहो में भी पुलिस बल की तैनाती कर दी है ताकि लाकडाउन का पूरी तरह से पालन कराया जाए। प्रशासन की सतर्कता से अनुमान लगाया जा रहा है कि अब लाकडाउन की सीमा बढ़ भी सकती हैं शुक्रवार से प्रशासन ने लाकडाउन के दौरान खुलने वाले जरूरी सेवाओ की दुकानो के समय में भी संसोधन किया है। अब रोजना दस से दो बजे तक खुलने वाले किराना, डेली नीड्स, सब्जी फल सहित अन्य जरूरी सेवाओ की दुकाने केवल दस से बारह बजे तक दो घंटे ही खुलेगी। इस दौरान भी लोगो को दुकान के बाहर भीड़ लगाने की मनाही है। वही सामाजिक दूरी बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए है। ज्ञात हो कि बिते दो तीन दिनो से पुलिस प्रशासन लाकडाउन के दौरान अनावश्यक बाहर निकलने वालो के विरूध्द लाकडाउन उल्लखंन की कार्यवाही शुरू कर दी है। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक भोजराज पटेल के नेतृत्व में पुलिस व राजस्व प्रशासन ने नगर में फ्लैग मार्च कर लोगो को लाकडाउन का पालन करने की ठोस अपील की है। एसपी ने समझाइश दी है कि अनाश्वयक घर से बाहर ना निकले, सामाजिक दूरी बनाकर रखे तथा लाकडाउन के सभी नियमो का पालन किया जाए। वही प्रशासन से खबर मिली है कि अब दोहपर बाहर बजे के बाद किसी भी बहाने से बाहर निकलना पूर्णत प्रतिबंधित किया जाएगा जो भी बाहर सड़को पर घुमता दिखेगा या मिलेगा उसके विरूध्द पुलिस कार्यवाही करेंगी।

एटीएम में सैनेटाइज़र की व्यवस्था नहीं , कार्ड धारी निकाल रहे हैं राशि, हो सकता है संक्रमण

अर्जुनी। ग्राम अर्जुनी के मुख्य मार्ग पर स्थित स्टेट बैंक ऑफइंडिया व एक और एटीएम में सेनीटाइजर की व्यवस्था नहीं होने से एटीएम कार्ड धारी हैंड वास व सैनिटाइजर के बिना उपयोग किए ही नगद राशि निकाल रहे हैं जिससे संक्रमण होने का खतरा बना हुआ है ।। ज्ञात हो की अर्जुनी में कुल तीन एटीएम मशीन है जो कि एसबीआई, टाटा इंडिकैश व इंडिया एटीएम जिसमें

सैनिटाइजर नहीं होने से कार्ड धारी एटीएम में प्रवेश कर संक्रमण को न्योता दे रहे हैं और बिना सैनिटाइजर के ही नगद राशि आहरण कर रहे हैं जबकि एटीएम में प्रवेश करने के पूर्व सैनिटाइजर का उपयोग कर नगद राशि निकाली जानी चाहिए।सैनिटाइजर की व्यवस्था एटीएम बैंक प्रबंधन द्वारा करनी चाहिए ताकि लोगों को संक्रमण से बचाया जा सके जबकि ऐसा नही किया गया है जो बैंक प्रबंधन के लापरवाही को दर्शा रहा है।

कोरोना से बचाव अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने करवाया सैनिटाइजर का छिड़काव

डौंडीलोहारा। कोरोणा संक्रमण से सावधानी बरतने को लेकर नगर पंचायत डौंडीलोहारा के अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू उपाध्याझ विद्या शर्मा ने संजय नगर में घर-घर जाकर सैनिटाइजर से करवाया छिड़काव, साथ में नगर पंचायत के सीएमओ मनीष गायकवाड पार्षद वार्ड नंबर 13 दसोदा भू आर्य ,स्वच्छता प्रभारी सुभाष श्रीवास्तव एवं स्वच्छता कर्मचारी के साथ रहकर वार्ड 12 ,13 की गलियों में सहित सभी स्थानों पर छिड़काव करवाया है, अस्थाई सब्जी बाजार लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम मैं आने जाने वाले राहगीरों के लिए तथा सब्जी विक्रेताओं के लिए पेयजल की व्यवस्था के तहत नगर पंचायत की ओर से टैंकर की व्यवस्था की गई है, संजय नगर के साथ-साथ नगर के समस्त वार्डों में क्रम सा सैनिटाइजर से छिड़काव किया जा रहा है, ताकि संक्रमण से बचा जा सके, अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू ने एवं उपाध्याझ विद्या शर्मा ने नगर के ग्रामीणों से अपील की है ,कि सोशल डिस्टेंस बनाकर स्वच्छता को ध्यान में रखकर घरों में रहकर सुरक्षित रहें।

पोहा मिलर्स ने दिया दो लाख 1 हजार की सहायता राशि

भाटापारा। पोहा मिल एसोसिएशन द्वारा कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए दो लाख एक हजार रुपए का चेक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री सहायता कोष के नाम से दीया जिसमें पोहा मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश थारानी एवं सदस्य कमलेश कुकरेजा अशोक

थारानी तरुण सचदेव ने मिलकर कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि सतीश अग्रवाल भाटापारा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनोद बल्लू अग्रवाल कोषाध्यक्ष सत्यनारायण जोशी महामंत्री प्रशांत गांधी एवं पार्षद सभापति सुशील सबलानी को मुख्यमंत्री सहायता कोष के नाम से चेक दिया । पोहा मिलर्स द्वारा मुख्यमंत्री सहायता कोष में धन राशि दिए जाने पर कांग्रेसजनों ने अभार जताया है।

मुख्यमंत्री सहायता कोष में सुनील माहेश्वरी ने दिलवाया 6 लाख

भाटापारा । जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर के मार्गदर्शन एवं शहर कांग्रेस कमेटी भाटापारा के तत्वाधान में आज विश्व व्यापी महामारी कोरोना से उत्पन्न संकट से जरूरत मंदो के सहायतार्थ ÷मुख्यमंत्री सहायता कोष÷ में छाया विधायक सुनील माहेष्वरी की पहल पर भाटापारा के व्यापारी एवं व्यापारी संघो ने लगभग छह लाख दान के चेक दिए एवं दान की सहमति दी है।

चाक-चौबंध कल ही बालोद जिले की कलेक्टर श्रीमती रानू साहू व एसपी जितेंद्र सिंह मीणा व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने किया था पेट्रोलिंग व नगर भ्रमण

आईपीएस अक्षय कुमार भी उतरे सड़क पर, नियम उल्लंघन करने वालो के खिलाफ की कार्यवाही

बालोद। गुंडरदेही थाना प्रभारी आईपीएस अक्षय कुमार ने आज धमतरी चौक चौराहों में नियम उल्लंघन करने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की नगर के धमतरी चौक पर लगभग 12:00 बजे से 40 मोटरसाइकिल के खिलाफ मोटर व्हील एक्ट के तहत प्रत्येक गाड़ी पर 200 रुपया का चालान काटा गया, मोटरसाइकिल तीन सवारी चलाना व बिना कागजात की गाड़ी चलाना एवं बिना काम के घर से बाहर निकलना आईपीएस अक्षय कुमार निरीक्षक रोहित मालेकर ने स्वयं कमान संभाले और शहर में लॉक डाउन और धारा 144 का लोगों को पालन करवाते हुए नजर आ रहे थे, वही कल नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में जिले के एसपी कलेक्टर के सघन दौरा के बाद आज थाना प्रभारी एक्शन मूड में है और कहा कोई भी आदमी घर से बाहर बिना काम के

निकले तो उसकी सीधी चलानी कार्रवाई होगा, चाहे कोई भी काम से घर से बाहर निकले गाड़ी में बिना कागजात व तीन सवारी निकले उसकी कार्रवाई निश्चित है, थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने समस्त नागरिकों अब जनता से अपील किया, कि कोई भी व्यक्ति इस महामारी से बचना है ,तो सोशल डिस्टेंस का प्रयोग करें, वही निरीक्षक रोहित मालेकर ने कहा कि इस भयानक महामारी से बचने हम सब जिम्मेदार हैं और लोगों से हमेशा दूरी बनाकर रहना ही कोरोना का बचने का उपाय है और हमारी ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है, पर अच्छे नागरिक बनने का खुद में भी जिम्मेदारी होना चाहिए, आज गुंडरदेही धमतरी चौक पर पुलिस के तेवर देखकर मोटरसाइकिल वाले रास्ता बदल कर भागना पड़ा, थाना प्रभारी ने सभी गाड़ियों का बारीकी से चेक किया और सभी गाड़ी ड्राइवर को समझाए इस दिया गया, कि बिना काम के बाहर न निकले और जिन्हें परमिशन मिला है ,अपना परमिशन साथ में लेकर चले खाद्य सामग्री जैसे परिवहन के लिए अनुमति भी साथ तो लेकर चले।

न्यूज गैलरी

तीन स्कूल के शिक्षकों व स्टाफ ने भी एक दिन का वेतन दिया मुख्यमंत्री सहायता कोष

गरियाबंद। देश में कोरोना संकट के दौरान इस संक्रमण से बचने और जरूरतमंदों की सहायता के लिए विभिन्न संगठनों और संस्थाओं द्वारा मदद की जा रही है। इस कड़ी में सरकारी मिडिल स्कुल पीपलछेड़ी, मिडिल स्कुल दर्रीपारा और मिडिल स्कुल नवागढ़ के समस्त स्टाफ ने भी अपना एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए है। संस्था के प्राचार्य बसंत त्रिवेदी ने बताया कि तीनो स्कुलो के संस्था में कार्यरत समस्त व्याख्याता शिक्षक, सहायक शिक्षक, लेखापाल, सहायक ग्रेड 3 एवं वित्त वर्ग ने अपने 1 दिन के वेतन कुल 37000 हजार रूपए इस संकट के समय मुख्यमंत्री सहायता कोष में जिला कोषालय गरियाबंद के माध्यम से दान दिए हैं। इसके अलावा शिक्षको द्वारा भी लोगो व गांव में लाकडाउन का पालन करने की अपील की जा रही है। लोगो को मास्क का उपयोग करने तथा सामाजिक दूरी बनाए रखने की समझाशइ दी जा रही है।

लॉकडाउन बढ़ाने कलेक्टर को विधायक का पत्र

महासमुंद। देश व प्रदेश में कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने लॉकडाउन की अवधि बढ़ाने की वकालत की है। इसके लिए उन्होंने कलेक्टर को पत्र लिखकर 14 अप्रैल के बाद भी पूर्ण रूप से लॉकडाउन जारी रखने की मांग की है। विधायक चंद्राकर ने अंतरराज्यीय आवागमन, स्कूल, कॉलेज व अन्य शैक्षणिक संस्थाएं, मॉल, सिनेमा हॉल, बाजार, ग्रामीण हाट बाजार, धार्मिक स्थलों पर सामूहिक प्रार्थना, शासकीय कार्यालय, निजी कार्यालय, बीमा व अन्य सेवाएं, उद्योग व कारखाने, निर्माण कार्य, रेस्टोरेंट आदि सेवाओं को 14 अप्रैल के बाद भी बंद करने की मांग की है, जबकि कृषि संबंधी गतिविधियों, रोजगारमूलक कार्यों, निजी व शासकीय हॉस्पिटलों में सभी बीमारियों का इलाज करने व बोर खनन को छूट देने की मांग की है।

अप लाइन पर पलटा चावल से भरा कंटेनर

महामसुंद। चावल से भरा कंटेनर बेलसोंडा क्रॉसिंग के अप लाइन पर पलट गया। घटना के बाद अप लाइन पर ट्रेन का परिचालन रोक दिया गया। चावल दूसरे ट्रक में अनलोड किया गया, इसके बाद यातायात बहाल हो पाई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर कंटेनर क्रमांक सीजी 04 जेसी 3702 बेलसोंडा रेलवे लाइन में आकर पलट गया। सीसीटीवी में घटना कैद हो गई। आरपीएफ से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के वक्त कंटेनर की रफ्तार काफी तेज थी। क्रॉसिंग में आकर चालक कंट्रोल नहीं कर पाया और कंटेनर रेलवे लाइन में पलट गया। कंटेनर में 32 टन उसना चावल लोड था। घटना की जानकारी मिलने के बाद उसे दूसरे ट्रक में अनलोड किया गया। करीब 3.30 घंटे बाद लाइन क्लीयर हुआ।

एसडीएम-तहसीलदार ने दबिश देकर सोसायटी प्रभारी को रंगे हाथ पकड़ा

शासन के समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में रेत और भूसे की मिलावट करने का मामला

नव प्रदेश संवाददाता

धमतरी। शासन के समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में रेत और भूसे की मिलावट करने का मामला सामने आया है। इसमें सोसायटी प्रभारी और समिति संचालक मंडल के खिलाफ प्रकरण तैयार कर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है. बता दें कि राज्य सरकार द्वारा 1 दिसंबर से 20 फरवरी तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किया गया है। धमतरी जिले में भी 85 उपार्जन केंद्रों में करीब 47 लाख 75 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुई है. किसानों से खरीदे गए धान का उठाव राईस मिलरों के द्वारा किया जा रहा है।

जिले के कई सोसायटी में अभी भी लाखों क्विंटल धान उठाव के लिये शेष है. इसी बीच मगरलोड ब्लाक के ग्राम नवागांव खिसोरा से खबर आई कि यहां सोसायटी प्रभारी और समिति संचालकों द्वारा ट्रैक्टर से रेत मंगवाया गया है. रेत को धान से भरे 40 किलो के बोरियों में मिलावट किया जा रहा है. इस मिलावट के लिए गांव के स्कूली बच्चों का सहारा लिया गया. मामले की सूचना मिलते ही मगरलोड ब्लाक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व जपपद उपाध्यक्ष राजेश कुमार साहू, सभापति जनपद बूलेश्वर साहू, सर्वेश बाफना, नारद साहू, पोखन कंवर गोवर्धन साहू, राइस मिलर दिलीप बाफ़ना अध्यक्ष कुरुद एसोसिएशन, हितेंद्र केला मौके पर पहुंचे थे. इनके द्वारा प्रशासन के अधिकारियों को सूचना दी गई. सूचना मिलते ही कुरुद एसडीएम योगिता देवांगन, तहसीलदार भूपेन गावडे सहित खाद विभाग के अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए थे।

अधिकारियों ने मौके पर रखे बोरे में से धान को बाहर निकलवाकर साफ कराया. इसके बाद प्रत्येक बोरे में ढाई से तीन किलोग्राम रेत और 500 से 1000 ग्राम धान की भूसी मिले. जांच में शिकायत सही पाए जाने पर सोसाइटी प्रभारी और समिति के संचालक मंडल के विरुद्ध प्रकरण तैयार कर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

ऐसा रहा तो धान का उठाव संभव नहीं- रोशन चंद्राकर

छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन के रोशन चंद्राकर ने कहा है कि सोसायटी में रखे धान कई बार बारिश होने के कारण खराब हो चुके हैं. धान के बोरे में शॉर्टेज भी आ रहा है. इस शॉर्टेज से बचने के लिए अब समितियों द्वारा धान में रेत मिलाने की कालाबाजारी की जा रही है. चूंकि मार्कफेड से अनुबंध के अनुसार राईस मिलरों को एफएक्यू धान देना है. ताकि कस्टम मिलिंग हो सके. लेकिन इस तरह का खराब धान वो भी रेत और भूसी मिलाकर दिया जाएगा तो कस्टम मिलिंग नहीं हो पाएगा. ऐसी स्थिति में राइस मिलरों द्वारा धान का उठाव कर पाना संभव नहीं होगा. प्रशासन इस दिशा में कड़ा कदम उठाते हुए कार्रवाई करें।

पांच बोरे की तौलाई कराई गई

कुरुद एसडीएम योगिता देवांगन ने बताया कि धान के बोरे में रेत मिलाने की शिकायत मिली थी. जिसके बाद मौके पर पहुंचकर जांच की गई. सोसायटी में रखे बोरियों में से 5 बोरी के धान को निकलवाकर छनवाया गया. कुल 40 किग्रा वजनी प्रत्येक बोरे में ढाई से 3 किग्रा रेत और 500 से 1000 ग्राम तक धान की भूसी पाई गई है. वही मौके पर मौजूद बच्चों से पूछताछ करने पर सभी ने अपना उम्र 16 से 17 वर्ष बताया. फ़िलहाल पंचनामा तैयार कर लिया गया. अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रकरण को कलेक्टर धमतरी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

जिला पंचायत ने दिया चावल, आटा-तेल के लिए मजदूरों को करनी पड़ी मशक्कत

दाल, आटा और तेल के लिए अधिकारी ने सीनियर सिटीजन से मांगा सहयोग

नव प्रदेश संवाददातस

कवर्धा। एक ओर जहां लॉकडाउन के चलते दैनिक मजदूरी करने वाले लोगो के लिए राशन पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है वहीं दिन के भोजन करने के बाद शाम के भोजन के लिए किसी मसीहे की ओर नजर लगाए उम्मीद से बैठे रहते है आखिरकार जब इन मजदूरो को कही से राशन नही मिल पाया तो उन्होने कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और राशन की समस्या को लेकर अधिकारियो से संपर्क किए। इन मजदूरो के परिवार के नाम भी है लेकिन इसे खबर मे प्रकाशन नही किया जा रहा है जिसका कारण यह है कि अन्य कोई मजबूर ऐसी स्थिति में फरियाद लगाने नही पहुंचेगा। इस विशय को ध्यान मे रखकर मजदूरो के नाम प्रकाशित नही किए गए है। अब यहां थोडी देर के लिए राशन और पानी ऑफिस-ऑफिस फाईल की तरह घूमते नजर आया। एक ओर जहां सोशल मिडिया में दिनभर वायरल होता है कि आज हमने इतनो की मद्द की, कल इतनो की मद्द करेंगे पर वार्ड क्रमांक 07 मे मद्द की दरकार नजर आ रही है। आखिर कार इन मजदूरो को आटा और तेल के लिए फिर से इस अधिकारी से उस अधिकारी के पास जाते देखा गया। अंतिम में जिला पंचायत ने चावल तो थमा दिया पर अब तेल और आटे की समस्या खडी हो गई। थोडी देर के लिए हम अपने उपर ही इस विशय को लेकर देखे तो चावल पकाने के लिए लकडी और ईधन की जरूरत होती है। इस तरह लोग कैसे इस लॉकडाउन में घरो पर रह सकते है और आखिर मद्द के हाथ कहा तक पहुंच रहे है। यह सोचनीय विशय हैं। हालाकिं जिले में आर्थिक मद्द सहित राशन पानी जैसी सुविधांए प्रदान करने की बात रोज हो रही है। तो ऐसी स्थिति में राशन के लिए वार्ड क्रमांक 07 के मजदूरो का भटकना सोचनीय विशय बन रहा है। एक समाज सेवी संस्थान के द्वारा इन मजदूरो की मद्द की गई। चावल तो जिला पंचायत से प्राप्त हो गया था लेकिन आटा,दाल और तेल सहित अन्य सामाग्री की मद्द सीनियर सिटीजन के सदस्यो ने इस विशय की जानकारी मिलते ही तत्काल की। अगर कही इस समाजसेवी संस्थान को इस विशय मे जानकारी नही मिल पाती तो संभवता इन मजदूरो को भटकना पडता। ज्ञात हो कि कोरोना वायरस के कारण लॉकडाउन होने से दैनिक मजदूरी करने वाले मजदूरों के समक्ष भोजन की समस्या खड़ी हो गई, जिसके चलते आदर्श नगर वार्ड क्रमांक सात के चार परिवार कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां पर उपस्थित डिप्टी कलेक्टर सोनकर से संपर्क करने पर उन्होंने कबीरधाम समाज सेवा विभाग के उप संचालक श्री सक्सेना के पास जाने का निर्देश दिया।

दो माह से नहीं मिला पेंशन, हितग्राही परेशान

नव प्रदेश संवाददाता

पिथौरा। वृद्धा एवं विधवा पेंशन योजना के दो माह से पेंशन नहीं मिलने से हितग्राही परेशान हैं, लॉकडाउन के कारण उनको जीवनयापन मे हो रही परेशानी है. पिथौरा जनपद पंचायत क्षेत्र के अनेक ग्रामों मे वृद्धा, विधवा व विकलांग पेंशन नहीं मिलने से हितग्राहियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। ज्ञात हो की समूचे देश मे (कोविड-19) महामारी के रोकथाम के लिये देश मे लॉकडाउन घोषित हैं ऐसे मुश्किल समय मे हितग्राहीयों के सामने वित्तीय संकट रौद्र रूप लेकर खड़ा हैं, ग्राम राजसेवैय्या निवासी हितग्राही लोकेश राव ने बताया की जनवरी के बाद से अबतक खाते मे रूपये नहीं डाले गए हैं जिससे विषम परिस्थियों का सामना करना पड़ रहा हैं। वृद्धजन लगातार बैंको के चक्कर काट रहें हैं किंतु हर बार केवल निराशा ही हाथ लग रही हैं, बंदी के दौर मे राशन के अलावा अन्य सामानो के खरीदी के लिये हितग्राही परेशान नजर आ रहें है। जनपद पंचायत के सीईओ प्रदीप कुमार प्रधान ने बताया की 15 अप्रैल तक पेंशन की राशि हितग्राहियों के बैंक अकाउंट मे डल जाएगी समाज कल्याण विभाग की ओर से देरी हुयी हैं।

पीएम केयर्स फंड में बैहरसरी के ग्रामीणों ने जमा की 22437 रु.

कवर्धा। वैश्विक महामारी कोरोना के चलते चारों तरफ हाहाकार मचा हुआ है। देशभर में लॉकडाउन है। शहर हो या गांव सब जगह सूना है। दुकानें बंद हैं। इस बीच कई लोगों की समस्याएं भी बढ़ गई है। गरीब लोगों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

गौरतलब है कि शासन प्रशासन,समाजसेवी संगठन सहित सेवा भावना रखने वाले अन्य लोग भी गरीबों की सहायता के लिए आगे आ रहे हैं। इसी बीच ग्राम बैहरसरी के ग्रामीणों ने भी एक सराहनीय पहल की है।यहां के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री द्वारा कोरोना से लड़ने के लिए बनाए गए प्रधानमंत्री केयर्स फंड में सहयोग राशि जमा की है।ग्राम पंचायत के पूर्व उपसरपंच भगवती वर्मा,बद्री वर्मा,अमित वर्मा,यज्ञदत्त वर्मा व जयपाल यादव ने बताया कि कोरोना के खिलाफ जारी लड़ाई में ग्राम बैहरसरी के ग्रामीण सरकार के साथ हैं। ग्रामीणों द्वारा एकजुटता दिखाते हुए घर-घर से कुल 22 हजार 437 रुपए सहयोग राशि एकत्र किया गया। इस राशि को कोरोना से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए प्रधानमंत्री केयर्स फंड में जमा किया गया है।

लावण्या ने 1101 रूपए दिया दान में

राजनांदगांव। कोरोनावायरस के चलते लॉकडाउन के दौरान प्रभावितों को मदद के लिए समाजसेवी संस्थाओं के साथ ही दान दाता भी लोगों को मदद के लिए सामने आ रहे हैं।

नगर में जगन्नाथ सेवा समिति द्वारा गरीबों व जरूरतमंदों की मदद के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पत्रकार मधुकर महोबिया की सुपुत्री कु. लावण्या महोबिया ने अपने गुल्लक में रखें 1101 रुपए को जगन्नाथ सेवा सेवा समिति को दान में दे दिया, ताकि गरीब जरूरतमंद के काम आ सके। उन्होंने 50 किग्रा चावल भी समिति को दान में दिया उनके इस कार्य की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।

यथाशक्ति दान देकर, सेवा में साझेदारी निभाइए

प्रिय भाइयों और बहनों,
जय जोहार

कोरोना संकट ने बचाव के लिए ही सही पर, न सिर्फ़ लोगों को घरों में बंद कर दिया है बल्कि काम-धंधों को भी बंद करा दिया है, जिसका सबसे अधिक असर कम और मध्यम आय वर्ग पर पड़ा है। इनको जीवनोपयोगी सामान और सुविधाएं मुहैया कराना हमारी पहली जिम्मेदारी है, जो हम पूरी शिद्दत से निभा रहे हैं।

इस संकट से निपटने के लिए हर आर्थिक मदद का स्वागत है। आपका सहयोग किसी के लिए निवाला बनेगा, किसी के लिए दवा। किसी बच्चे के लिए दूध बनेगा तो किसी का सहारा। किसी बुज़ुर्ग की जिंदगी बनेगा तो किसी नौजवान का हौसला। तो आइए यथाशक्ति दान देकर "मुख्यमंत्री सहायता कोष" की ताकत बनिए और पीड़ित मानवता की सेवा में भागीदारी निभाइए।

ये राहें ही ले जाएंगी मंजिलों तक
कभी सुना है कि अंधेरों ने सवेरा होने ना दिया....

आपकी आर्थिक मदद आयकर अधिनियम की धारा 80 (G)के तहत छूट के लिए मान्य



आपका
भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

CM RELIEF FUND
STATE BANK OF INDIA
Mantralaya Branch
A/C No: 30198873179
IFSC CODE : SBIN0004286

इस बार कोड को किसी भी पेमेंट ऐप से स्कैन करें
UPI ID - cgcmrelieffund@sbi
Merchant Name - Mukhymantri Sahayta Kosh

लॉकडाउन में फंसे मजदूर की मुंडा पंचायत ने की मदद

नव प्रदेश संवाददाता

लवन। राष्ट्रीय आपदा घोषित महामारी के रूप में फैली कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने पूरे देश में 21 दिन तक लॉकडाउन व धारा 144 लागू है। लॉकडाउन के कारण जिला की सीमा को बंद कर दिए गए हैं ऐसी स्थिति में जो जहां थे वहीं रुके हुए हैं। जिला प्रशासन के द्वारा लॉकडाउन में फंसे मजदूरों की सहयोग के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं वही इस संकट की समय में धार्मिक संगठन स्व सहायता समूह जनप्रतिनिधि के साथ-साथ आम जनता भी मदद करने के लिए आगे आ रहे हैं और इच्छा अनुसार सहयोग भी कर रहे हैं। इसी तारतम्य में जल संसाधन विभाग के जल प्रबंध उप संभाग क्रमांक 6 के अंतर्गत चिरपोटा पुल से सुढेला माइनर में काम कर रहे मध्यप्रदेश के मंडला जिला एवं धमतरी जिला के 4 मजदूर लॉकडाउन में फंसे हुए हैं। बाहर से आकर काम कर रहे मजदूरो की लॉकडाउन के चलते काम बंद होने व प्रतिदिन रोजी मजदूरी कर कमाने खाने वाले मजदूर की आर्थिक स्थिति को देखते हुए शासन प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों को यथासंभव सहयोग करने निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में लॉकडाउन में फंसे होने के राशन सामग्री को लेकर हो रही परेशानी को देखते हुए ग्राम पंचायत मुंडा द्वारा सरपंच श्रीमती सुमित्रा वर्मा, प्रतिनिधि संतोष वर्मा, झेरिया रजक समाज के संभागीय मीडिया प्रभारी व वार्ड क्रमांक 4 के पंच प्रतिनिधि कमलेश रजक, महेश्वर रजक की उपस्थिति में लॉक डाउन में फंसे 4 मजदूरों के लिए 20 किलो का राशन सामग्री मजदूर मखन लाल आदिवासी इंद्र कुमार यादव को दिया गया।